# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 225 । नर्मदापुरम, गुरुवार 21 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



शतरंज के मुकाबले पांचवें चक्र में हुए रोमांचक — पृष्ठ 3

▸ फेक नैरेटिव को लेकर मोदी की चिंता
▸ धधक रहा है मणिपुर... बुझाए कौन? — पृष्ठ 4

▸ संभागायुक्त ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा — पृष्ठ 6

भारत 330 मिलियन टन खाद्यान का कर रहा उत्पादन : शिवराज — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### मुर्मु आज से 2 दिवसीय तेलंगाना के दौरे पर रहेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार से दो दिवसीय तेलंगाना का दौरा करेंगी और यहां कई कार्यकर्मों में शामिल होंगी। श्रीमती मुर्मु 21 नवम्बर को हैदराबाद में कोटि दीपोत्सवम–2024 में शामिल होंगी और 22 नवंबर को हैदराबाद में लोकमंथन–2024 में उद्घाटन भाषण देंगी। लोक मंथन देश की सांस्कृतिक विविधता का एक वार्षिक उत्सव है और इस बार यह हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका में 21–24 नवम्बर तक आयोजित किया गया है। इसका औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार को करेंगी।

### सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी नेपाल यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी बुधवार को नेपाल की यात्रा पर रवाना हुए, जो भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय के बयान में कहा कि वह 20 से 24 नवंबर तक अपनी नेपाल की यात्रा के दौरान, जनरल द्विवेदी नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव के साथ बातचीत करेंगे और उसके बाद वह रक्षा मंत्रालय के शशि भवन में नेपाली थल सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल के साथ अनौपचारिक चर्चा करेंगे।

### राफेल नडाल ने टेनिस को कहा अलविदा

**मैलागा (स्पेन), एजेंसी।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को अपने अखिरी मैच में डेविस कप फाइनल्स में नीदरलैंड के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ उन्होंने पेशेवर टेनिस को अलविदा कह दिया। 22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नडाल को नीदरलैंड के बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प ने 6–4, 6–4 से हराया। मैच के बाद नडाल ने कहा, मैं वह व्यक्ति हूं जिसे इतने सारे लोगों का आभारी होना चाहिए। उन्होंने प्रशंसकों को उनके असाधारण समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### अनुच्छेद 370 को हटाने के लिए पीडीपी जिम्मेदार : नासिर

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार नासिर वानी ने बुधवार को कहा कि यहां मौजूदा गड़बड़ी के लिए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) जिम्मेदार है, जिसके कारण जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 ए को निरस्त किया गया। वानी ने यह बात पुराने श्रीनगर में मीडियाकर्मियों के एक सवाल का जवाब देते हुए कही। यह सवाल पीडीपी के इस दावे के जवाब में था कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अनुच्छेद 370 की बहाली के बारे में कोई प्रस्ताव लाने में विफल रही है।

### तमिलनाडु में बारिश के चलते 5 जिलों में स्कूल बंद

**तूतीकोरिन/तमिलनाडु, एजेंसी।** दक्षिण तमिलनाडु और निकटवर्ती कोमोरिन क्षेत्र पर बने चक्रवाती तूफान के प्रभाव के कारण मंगलवार रात से यहां दक्षिणी और डेल्टा जिलों में भारी बारिश हो रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि थूथुकुडी, तेनकासी, तिरुनेलवेली, तिरुवरुर और कराईकल जिलों (पुडुचेरी) में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं, जबकि रामनाथपुरम जिले में स्कूलों और कॉलेजों में एक दिन की छुट्टी घोषित की गई है। विरुधुनगर जिला कलेक्टर ने स्थानीय स्थिति के आधार पर स्कूलों को बंद करने का फैसला करने के लिए प्रधानाध्यापकों को अधिकृत किया है। थूथुकुडी के तिरुचेंदुर में कम से कम 30 रिहायशी इलाके बारिश के पानी में डूब गए हैं और प्रभावित इलाकों से पानी निकालने के प्रयास जारी हैं। रामनाथपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल बारिश के पानी से घिरा हुआ है।

### बारामूला में मादक पदार्थ सहित 3 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले में तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार का उनके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस ने बुधवार को कहा कि उरी पुलिस स्टेशन की पुलिस ने जिंगल ब्रिज पर स्थापित एक चौकी पर एक व्यक्ति को रोका, जिसकी पहचान गिंगल निवासी सैयद हसन शाह के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6.5 किलोग्राम प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस थाना भेज दिया।

कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ मतदान

# झारखंड 67, महाराष्ट्र में 58 फीसदी से अधिक वोट पड़े

- मुंबई सिटी में सबसे कम मतदान
- 23 को आएंगे नतीजे

**रांची/मुंबई, (एजेंसियां)।** झारखंड विधानसभा की 38 और महाराष्ट्र की 288 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार शाम मतदान शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया तथा इस दौरान क्रमश: 67.59 और 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने यहां बताया कि 38 विधानसभा क्षेत्र में आज सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम समाप्त हो गया और इस दौरान 67.59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन क्षेत्रों के 31 मतदान केंद्रों पर शाम 4:00 बजे शाम ही मतदान समाप्त हुआ था जबकि शेष मतदान केंद्रों पर पांच बजे शाम मतदान समाप्त हुआ। दूसरे चरण के चुनाव में कुल 528 उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में आज बंद हो गई। इसमें 472 पुरूष और 55 महिला उम्मीदवार हैं जबकि एक ट्रांसजेंडर उम्मीदवार है।

जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में बंद हुई उनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह, विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी, भाजपा के लोबिन हेंब्रम, भाजपा के अनंत कुमार ओझा, कांग्रेस के जेपी भाई पटेल और जेएलकेएम के जय राम महतो शामिल हैं।



'रेड माइक' के पत्रकार सौरभ शुक्ला ने मीरपुर का एक वीडियो शेयर किया है, जहां एक पुलिस वाला अल्पसंख्यक वोटरों पर अपनी रिवॉल्वर लहरा रहा है, आरोप है कि बड़ी संख्या में इन्हें मतदान से रोका गया।

### उत्तर प्रदेश : पहचान पत्र मांगने के आरोप में 5 पुलिसकर्मी निलंबित

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में पुलिसकर्मियों द्वारा मतदाताओं के पहचान पत्र जांचने के आरोप के मद्देनजर पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आयोग के संज्ञान में आया था कि कुछ मतदान केंद्रों पर पुलिस वाले मतदाताओं के पहचान पत्र चेक कर रहे हैं जो सही नहीं है। इस बारे में प्रथम दृष्टया जांच के उपरांत कानपुर और मुजफ्फरनगर में दो दो और मुरादाबाद में एक पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतदानकर्मी सभी मतदाताओं की आईडी चेक करेंगे। इस बारे में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए है।

# पाक में आतंकी हमला, 12 जवानों की मौत

- 6 आतंकवादी भी मारे गए
- चौकी को बनाया था निशाना

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में एक बड़े हमले में 12 जवानों की मौत हो गई जबकि छह आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक बन्नू के माली खेल इलाके में एक चौकी को निशाना बनाकर यह हमला किया गया।

बलूचिस्तान और केपी में सुरक्षा बलों, अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सुरक्षा चौकियों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमलों की संख्या में खासी बढ़ोतरी देखी गई। अशांत बन्नू जिले में हाल ही में उग्रवादी हिंसा में इजाफा हुआ है, जिसमें पुलिसकर्मियों का अपहरण, लड़कियों के स्कूल पर हमला और शूटआउट शामिल है जिसमें तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार सेना ने कसम खाई है कि इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा। बयान में कहा गया, पाकिस्तान के सुरक्षा बल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं और हमारे बहादुर जवानों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं।

राज्य में फैले तनाव को लेकर सरकार ने किया फैसला

# मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ा

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में फैले तनाव के बीच राज्य सरकार ने सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को तीन दिन के लिए बढ़ा दिया है। सरकार ने कानून–व्यवस्था की समीक्षा करने के बाद मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ाने का फैसला किया है। निर्देश के मुताबिक इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थूओबाल, चूराचांदपुर और कांगपोकपी में अगले तीन दिन तक मोबइल इंटरनेट बंद रहेगा।

मणिपुर सरकार ने राज्य में अशांति के चलते बंद की गई ब्रॉडबैंड सेवाओं को मंगलवार को तीन दिन बाद बहाल कर दिया था। गृह आयुक्त एन अशोक कुमार ने कहा था कि मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। आदेश में कहा गया कि इंटरनेट प्रतिबंध ने महत्वपूर्ण कार्यालयों, संस्थानों और घर से काम करने वाले लोगों के कामकाज को प्रभावित किया है। लोगों की समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवाओं के मामले में सशर्त निलंबन हटाने का विचार किया है। वहीं मोबाइल इंटरनेट डाटा पर प्रतिबंध जारी रखने का फैसला किया है। मणिपुर में हालात लगातार नाजुक बने हुए हैं। सैन्य बलों के अभियान में कुकी–जो समुदाय के 10 विद्रोहियों के मारे जाने के बाद जिरिबाम में मैतेई समुदाय के छह लोगों की लाशें मिलने से पूरे राज्य में जबरदस्त तनाव है। इसके बाद से ही पूरे क्षेत्र में हिंसा भड़क उठी और मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के दामाद समेत कई विधायकों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया।

### कर्फ्यू में 5 घंटे की ढील

इंफाल। मणिपुर के कुछ जिलों में बुधवार सुबह पांच बजे से 10 बजे तक पांच घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। कुकी उग्रवादियों द्वारा दो पुरुषों और छह महिलाओं और बच्चों की हत्या के बाद हुए विरोध–प्रदर्शनों के कारण इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग और जिरीबाम जिलों में कर्फ्यू लगाया गया है।

मोहन मंत्रि परिषद ने लिए कई महत्वपूर्ण फैसले

# श्रीकृष्ण से जुड़े स्थल तीर्थ के रूप में विकसित होंगे, पाथेय न्यास के गठन को मंजूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने की दिशा में सरकार एक कदम आगे बढ़ी है। सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार शाम मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के गठन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। न्यास में कुल 28 सदस्य होंगे। इसमे 23 पदेन न्यासी सदस्य और 5 ख्याति प्राप्त विद्वत सदस्य अशासकीय न्यासी सदस्य के रूप में नामांकित होंगे। मुख्यमंत्री न्यास के अध्यक्ष होंगे। अशासकीय न्यासी सदस्यों का कार्यकाल अधिकतम 3 वर्ष होगा। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास का मुख्यालय भोपाल होगा। न्यास के लिए 6 पद सृजित किए जाएंगे।



मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने पत्रकारों को बताया कि भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित क्षेत्रों का साहित्यिक व सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन किया जाएगा। न्यास द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों एवं संरचनाओं का प्रबंधन, सांदीपनि गुरुकुल की स्थापना के लिए परामर्श, सुझाव, श्रीकृष्ण पाथेय के स्थानों का सामाजिक, आर्थिक और पर्यटन की दृष्टि से विकास, पुस्तकालय, संग्रहालय की स्थापना आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा सकेगा। न्यास के संचालन एवं उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शोध–सर्वेक्षण एवं विकास कार्य के लिए आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ समितियों का गठन किया जा सकेगा। न्यास के लिए श्रीकृष्ण पाथेय न्यास विलेख तैयार किया जाएगा।

तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने दिखवाया रास्ता

### जाति जनगणना का काम 70 फीसदी पूरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना को जरूरी बताते हुए बुधवार को कहा कि तेलंगाना सरकार ने जाति जनगणना का 70 फ़ीसदी काम पूरा कर लिया है और जल्द ही इस काम को पूरा कर लिया जाएगा। श्री गांधी ने कहा,तेलंगाना में हमारी सरकार ने जातिगत गिनती का 70 प्रतिशत से ज़्यादा काम पूरा कर लिया है। जल्द ही पूरे राज्य का विस्तृत डेटा सरकार के पास होगा, जिसका इस्तेमाल हम नीतियां बनाने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए करेंगे।

उन्होंने कहा, जाति जनगणना उन सभी महत्वपूर्ण कदमों में से पहला कदम है जो अगले कुछ दशकों में संपूर्ण विकास के लिए योजना बनाने में मदद करेगा। यही कारण है कि मैं बार–बार देश में एक व्यापक जातिगत जनगणना करवाने की मांग कर रहा हूं। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने रास्ता दिखाया है, राष्ट्रीय स्तर पर भी हम एक व्यापक जातिगत जनगणना करवा कर रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी का किया अवलोकन, बोले-

# भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक कदम है गिफ्ट सिटी

**भोपाल, देशबन्धु।** गुजरात इंटरनेशनल फाईनेंस टेक–सिटी (गिफ्ट सिटी) निवेशकों को बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगी। इसके माध्यम से भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक मानकों से तालमेल रखते हुए मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में प्रभावी रूप से गतिविधियों का संचालन करेगा। यह बात मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, यह भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



डॉ. यादव आज गुजरात के गांधी नगर में साबरमती नदी के किनारे स्थित भारत की पहली ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी, भारत का फाइनेंशियल गेट–वे और अंतर्राष्टीय वित्तीय सेवा केंद्र 'गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक–सिटी' (गिफ्ट सिटी) का अवलोकन कर अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने गिफ्ट सिटी में स्वच्छता के लिए की गई व्यवस्था के संबंध में विशेष रूप से जानकारी प्राप्त करते हुए ऑटोमेटेड गारबेज एंड वेस्ट कलेक्शन सिस्टम और वेस्ट टनल का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि गांधी नगर, गुजरात में स्थित गिफ्ट सिटी अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर भारत को वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने उद्देश्य से विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में स्थापित गिफ्ट सिटी को वर्ष 2007 में भारत सरकार द्वारा मंजूरी दी गई। यहां प्रमुख वित्तीय सेवाओं, जैसे बैंकिंग, बीमा, वित्तीय बाजार और तकनीकी सेवाओं के लिए आदर्श वातावरण उपलब्ध है।

### कंटेनर से 10 हजार किलो की चांदी की ईंटे बरामद

**नासिक, एजेंसी।** राज्य में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कड़ी निगरानी कर रहे धुले पुलिस अधिकारियों ने जिले के शिरपुर के थालनेर गांव में गाड़ियों की चेकिंग के दौरान 94 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की लगभग 10,000 किलोग्राम चांदी की ईंटे जब्त की हैं। नासिक के विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्र्य कराले ने मामले की जानकारी देते हुए बताया, पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई में शिरपुर में एक कंटेनर में 94.68 करोड़ रुपये की 10 हजार किलोग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद की गई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक राज्य में इस समय मतदान चल रहा है।

56 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा

# गुयाना में कैरेबियाई नेताओं से मिले प्रधानमंत्री मोदी



पीएम मोदी का स्वागत गुयाना के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) मार्क एंथनी फिलिप्स ने एक दर्जन से अधिक कैबिनेट मंत्रियों के साथ किया।

**जॉर्जटाउन, एजेंसी।** गुयाना की ऐतिहासिक यात्रा पर गए पीएम मोदी ने बुधवार सुबह (भारतीय समयानुसार) जॉर्जटाउन पहुंचने के तुरंत बाद कई कैरेबियाई कम्युनिटी (सीएआरआईसीओएम) के नेताओं से मुलाकात की। यह जानकारी गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने दी। बता दें यह 56 वर्षों में दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। जी 20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद रियो डी जेनेरियो से एयरपोर्ट पहुंचने पर गुयाना के राष्ट्रपति ने (बुधवार शाम, भारतीय समयानुसार) एक्स पर पोस्ट किया, कल शाम, मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन दिवसीय राजकीय दौरे के लिए गुयाना में स्वागत किया। बाद में शाम को जॉर्जटाउन के गुयाना मैरियट होटल में मुझे प्रधानमंत्री मोदी को कई सीएआरआईसीओएम नेताओं से मिलवाने का सौभाग्य मिला, जो दूसरे भारत–सीएआरआईसीओएम शिखर सम्मेलन के लिए यहां आए हैं। इस बैठक ने भारत और कैरीबियाई देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को रेखांकित किया।

### विनोद तावड़े को तुरंत गिरफ्तार किया जाए : चेन्निथला

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** कांग्रेस के नेता और महाराष्ट्र में कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को वसई–विरार में मतदाताओं को नकदी बांटते रंगे हाथ पकड़े जाने पर तत्काल उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। केरल विधानसभा में विपक्ष के पूर्व नेता चेन्निथला ने आरोप लगाया कि हार के डर से भाजपा और उसके सहयोगी बड़े पैमाने पर धन और बल का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय महासचिव पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने पांच करोड़ रुपए बांटे, इसलिए उनको तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

लगातार 7वें दिन भी एक्यूआई खतरनाक श्रेणी में

# प्रदूषण से लोगों की आंखों में हो रही चुभन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लोगों को कोहरे और स्मॉग की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। बीते सात दिन से राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है। आबोहवा में जहर घुल गया है। इससे लोगों के सीने में जलन, सांस लेने में तकलीफ और ज्यादा देर तक खुले में रहने से आंखों में भी चुभन हो रही है।

वहीं, बुधवार को लगातार सातवें दिन हवा खतरनाक श्रेणी में दर्ज की गई। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 419 रहा, जोकि गंभीर श्रेणी में है। इसमें बुधवार के मुकाबले 41 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे प्रदूषित दर्ज की गई। देश में दिल्ली तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार को भी हवा गंभीर श्रेणी में बरकरार रह सकती है। वहीं, सुबह के समय धुंध के साथ स्मॉग छाए रहने की आशंका है।

इसके अलावा, पालम एयरपोर्ट में सुबह आठ बजे दृश्यता 600 मीटर दर्ज की गई। जो सुधरकर सुबह 9 बजे 700 मीटर हो गई। वहीं, सफदरजंग एयरपोर्ट पर भी दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। जो उसके बाद सुधरकर सुबह साढ़े सात बजे 600 मीटर हो गई। इससे सड़कों पर आवाजाही पर असर पड़ा। सुबह से लेकर रात तक स्मॉग की चादर छाई रही। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ ही हल्का स्मॉग छंटने लगा। इसके बाद शाम ढ़लने के साथ ही एक बार फिर स्मॉग की चादर छाने लगी।

### प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर

ऐसे में लोगों को प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ेगा। वहीं, लोग सड़कों पर मास्क लगाते दिखे। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक हवाएं उत्तर–पश्चिम दिशाओं की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 6 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। बृहस्पतिवार को हवाएं उत्तर–पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। हवा की गति 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी।

#### दिल्ली का एक्यूआई

14 नवम्बर – 426
15 नवम्बर – 402
16 नवम्बर – 435
17 नवम्बर – 452
18 नवम्बर – 494
19 नवम्बर – 460
20 नवम्बर – 419

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### एमजीएम कॉलेज की छात्राओं ने की औषधीय उद्यान की सफाई



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के औषधि उद्यान की सफाई एन एस एस एवं वनस्पति शास्त्र की छात्राओं ने किया जिसमें पेड़ पौधों के चारों तरफ विस्तार से सफाई की गई और औषधीय पौधों के आसपास क्यारी बनाने का कार्य किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर राकेश मेहता ने सभी को रोज 1 घंटे श्रमदान करने के लिए प्रेरित किया एवं औषधीय पौधों के महत्व के बारे में बताया। उद्यान में डॉ कृष्णा, कनक राज, आशुतोष, मीरा यादव, ज्योति, दीक्षा, कल्याणी, पूर्णिमा और अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### अवध वरिष्ठ महामंत्री और सिवनी मालवा के प्रभारी नियुक्त



**इटारसी, देशबन्धु।** सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र ओझा ने समाज के सदस्य और समाजसेवी अवध पांडेय को सर्व ब्राह्मण समाज का जिला वरिष्ठ महामंत्री के पद पर मनोनीत किया है। इसके साथ ही उनको सिवनी मालवा तहसील का प्रभारी भी नियुक्त किया है। श्री ओझा ने कहा कि श्री पांडेय की नियुक्ति से समाज के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। वे उनकी कार्यकुशलता से ब्राह्मण समाज को एकता और संगठित होने के लिए प्रेरित करेंगे। श्री पांडेय की इस नियुक्ति पर उनके मित्रों और शुभचिंतकों ने उनको बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### सुपर 100 योजना अंतर्गत वर्ष 2025 हेतु प्रवेश परीक्षा की तैयारी शुरु

**इटारसी, देशबन्धु।** प्रदेश में सुपर 100 योजना अंतर्गत वर्ष 2025 में प्रवेश की तैयारी शिक्षा विभाग ने प्रारंभ कर दी है। इसके लिए डीईओ के पास आदेश पहुंच चुके हैं। बता दें कि सुपर 100 योजना अंतर्गत प्रदेश के विद्यार्थी को चयनित कर उन्हें शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर, भोपाल एवं शासकीय मल्हार आश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदौर में प्रवेश दिलाया जाता है। यहां उन्हें कक्षा 11 वीं एवं तत्पश्चात कक्षा 12 वीं के शिक्षण के साथ ही जेईई (इंजीनियरिंग) नीट (मेडिकल) एवं क्लेट हेतु आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 02 वर्षीय कोचिंग करायी जाती है। प्रवेश उपरांत इन विद्यार्थियों के संबंधित विद्यालय के छात्रावास में आवास, भोजन, शिक्षण एवं कोचिंग की नि:शुल्क व्यवस्था शासन द्वारा की जाती है। सभी डीईओ को कहा गया है कि वर्ष 2025-26 की प्रवेश परीक्षा के आयोजन के पूर्व सुपर 100 योजना के विद्यार्थियों हेतु समस्त प्राचार्य, हाई स्कूल हायर सैकेण्डरी के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर इसका व्यापक प्रचार प्रसार के दिशा निर्देश भी जारी करना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक छात्रों को इस योजना का लाभ प्राप्त हो सकें।

### नर्मदापुरम एवं हरदा टैक्स बार एसोसिएशन की प्रभारी मंत्री से सौजन्य भेंट



**इटारसी, देशबन्धु।** नर्मदापुरम एवं हरदा टैक्स बार एसोसिएशन के सदस्यों ने जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से जीएसटी कार्यालय इटारसी में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। पूर्व में भी एसोसिएशन ने जीएसटी कार्यालय इटारसी की समस्याओं को लेकर प्रदेश के वित्त मंत्री, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत करा चुका है। प्रभारी मंत्री द्वारा समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रणय दिसावल, शिवमंगल सिंह चौहान, आरके बंग, जीएस पटैल, अजय मिश्रा, पुष्पेश पालीवाल, ब्रजेश अधिकारी, सुदेश पटैल, जयपाल चौधरी, राहुल चौधरी, उत्कर्ष चौहान उपस्थित थे।

### तेजज्ञान फाउंडेशन के रजत जयंती ध्यान महोत्सव 24 को

**इटारसी, देशबन्धु।** हैप्पी थॉट्स के नाम से पहचानी जाने वाली तेज ज्ञान ग्लोबल फाउंडेशन, एक आध्यात्मिक सेवाभावी संस्था, अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस विशेष अवसर पर, फाउंडेशन द्वारा 24 नवंबर को शाम 5 बजे ईश्वर रेस्टोरेंट इटारसी में रजत जयंती ध्यान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक डॉ सीतासरन शर्मा करेंगे। तेजज्ञान फाउंडेशन के संस्थापक ने ध्यान और आध्यात्मिकता के महत्व को समझाकर लाखों लोगों के जीवन में आनंद और शांति का संचार किया है। तेजज्ञान फाउंडेशन द्वारा आयोजन यह महोत्सव ध्यान के माध्यम से विश्व में शांति और आनंद का प्रसार करने के उद्देश्य को एक नई दिशा देगा। इस महोत्सव में भाग लेने के लिए फाउंडेशन सभी साधकों, ध्यान प्रेमियों और नागरिकों को उत्साह पूर्वक आमंत्रित किया है।

# विभाग संगठन मंत्री ने दिए नियमित प्रहार लगाने के निर्देश

**इटारसी, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख भंवर सिंह चौहान एवं नर्मदा पुरम विभाग संगठन मंत्री वीर सिंह योगी से इटारसी प्रवास के दौरान रेस्ट हाउस परिसर में सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भेंट की।

नर्मदापुरम विभाग संगठन मंत्री वीर सिंह योगी ने कहा कि हमें गृह युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए और साप्ताहिक एकत्रीकरण कर मैदान में प्रहार लगाना चाहिए, जो सही ढंग से ज्यादा से ज्यादा प्रहार लगाएगा वही तलवार भी चला पाएगा। प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख भंवर सिंह चौहान ने कहा कि हमें अपने मोहल्ले के मंदिरों को केन्द्र बनाकर एकत्रीकरण कर साप्ताहिक मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएं एवं सभी के बीच समरसता का भाव होना चाहिए।



बैठक के बाद मातृशक्ति नगर संयोजिका अनिता तिवारी के आवास पर स्वागत सम्मान एवं अल्पाहार कार्यक्रम में सम्मिलित होकर परिचय प्राप्त करने के बाद बाल संस्कार केंद्र बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें 10 वर्ष से 15 वर्ष तक के बालकों को प्रशिक्षित कर बजरंगी सेना का निर्माण करना चाहिए।

उक्त अवसर पर विहिप जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत, जिला धर्म प्रसार प्रमुख भारत सिंह राजपूत, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अनूप तिवारी, नगर अध्यक्ष महेश अग्रवाल, नगर कार्य अध्यक्ष महेश वालेचनी, उपाध्यक्ष अनिरुद्ध चंसौरिया, संतोष शर्मा, नगर मंत्री यश शर्मा, नगर संयोजक बजरंग दल संदीप यदुवंशी, गौरक्षा प्रमुख त्रिवेंद्र चंदेले, गौसेवक लखन कश्यप, अजय सिंह भदौरिया, रोहन मालवीय, विशाल केवट, आकाश मेहरा एवं मातृशक्ति जिला संयोजिका तरुणा सोनी, नगर संयोजिका अनिता तिवारी, आरती मालवीय, अर्चना सातपुते आदि मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## भारतीय ज्ञान परंपरा महोत्सव में हुई अनेक प्रतियोगिताएं





**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के निर्देशन में शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में निबंध लेखन पोस्टर निर्माण एवं लोक नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में विश्व मानवता को राह दिखाने की शक्ति है। महाविद्यालय की छात्राएं भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी सभ्यता, संस्कृति, ज्ञान परंपरा एवं विरासत को पहचानने एवं सहेजने का कार्य रही है।

डॉ. श्रद्धा जैन एवं श्रीमती शोभा मीना के निर्देशन में भारतीय ज्ञान संस्कृति के विविध रूप विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें प्रथम दुर्गा प्रजापति, द्वितीय अतिया खान एवं तृतीय संजना यादव रही। डॉ नेहा सिकरवार एवं क्षमा वर्मा के निर्देशन में भारतीय ज्ञान परंपरा में महिलाओं का योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम आयशा खान, द्वितीय ज्योति जायसवाल तथा तृतीय करिश्मा मोरे रही। प्रिया कलोसिया तथा करिश्मा कश्यप के निर्देशन में छात्राओं ने मनभावन लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौम्या सूद, द्वितीय स्थान सुहानी बड़कुर एवं तृतीय स्थान पिंकी बरखने ने प्राप्त किया जबकि समूह नृत्य में ज्योति एंड ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी पूनम साहू ने सभी विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में डॉ. हरप्रीत रंधावा, मंजरी अवस्थी, नेहांशु सिंह, रविंद्र चौरसिया, डॉ. शिरीष परसाई, डॉ हर्षा शर्मा, डॉ संजय आर्य, डॉ शिखा गुप्ता, डॉ श्रद्धा जैन, डॉ नेहा सिकरवार, तरुणा तिवारी, हेमंत गोहिया, प्रिया कलोसिया, क्षमा वर्मा, करिश्मा कश्यप, शोभा मीना तथा छात्राएं उपस्थित थीं।

## तैलिक साहू समाज का परिचय सम्मेलन 22 दिसंबर को भोपाल में

- पुनर्विवाह और दिव्यांग के नि:शुल्क एवं अन्य के सशुल्क बायोडाटा होंगे प्रकाशित

**इटारसी, देशबन्धु।** तैलिक साहू समाज का सबसे बड़ा राष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन 22 दिसंबर को भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के मुख्य सलाहकार रमेश के साहू एडवोकेट ने दी। श्री साहू ने बताया कि परिचय सम्मेलन में जीवन साथी स्मारिका में विवाह योग्य युवक युवती के सशुल्क एवं दिव्यांग तथा पुनर्विवाह हेतु निशुल्क बायोडाटा का प्रकाशन किया जाएगा जिसकी अंतिम तिथि 30 नवंबर रखी गई है। श्री साहू ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू, स्वागत समिति अध्यक्ष ओमबाबू साहू भोपाल एवं सहअध्यक्ष ओमप्रकाश साहू इंदौर एवं महासचिव रमेश साहू बैरसिया के नेतृत्व में आयोजन समिति के सदस्यों का एक दिन पूर्व सिटी सेंटर रीगल टाऊन भोपाल में सम्मान समारोह होगा। परिचय सम्मेलन के मंच पर अपनी उपस्थिति के साथ परिचय देने वाले युवक युवतियों को आयोजन समिति द्वारा विशेष उपहार दिया जाएगा। प्रदेश महिला उपाध्यक्ष सविता आर साहू ने निवेदन किया है की स्वजातीय बंधु स्मारिका में व्यवसायिक या पारिवारिक विज्ञापन देकर सहयोग कर सकते है। राजधानी भोपाल और रायसेन जिले के बाद.नर्मदापुरम जिले से सर्वाधिक स्वागत समिति सदस्य और विज्ञापन दाता के साथ बायोडेटा एकत्र करने का लक्ष्य कर्मा सखी संगम और जिला समिति द्वारा रखा गया है।

## अनियमित एवं बिना टिकट यात्रा करते यात्रियों से वसूला तीन लाख से अधिक जुर्माना

**इटारसी, देशबन्धु।** भोपाल मंडल के नर्मदापुरम संभाग के रेलवे स्टेशनों पर रेलवे ने टिकट चैकिंग अभियान चलाकर लाखों रुपए का जुर्माना वसूला। इटारसी, हरदा, नर्मदापुरम स्टेशनों पर एक साथ सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक वाणिज्य विभाग के पर्यवेक्षक, टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। पर्यवेक्षक टिकट चेकिंग स्टॉफ की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सकें।

इटारसी स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान के दौरान इटारसी स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 36 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 185 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 134100 रुपए बतौर किराया, जुर्माना वसूला। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 127 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 59965 रुपए बतौर जुर्माना-किराया वसूल किया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 3 यात्रियों से 400 रुपये जुर्माना वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई। इस प्रकार इटारसी स्टेशन पर चले इस किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 315 मामलों से कुल रुपये 194465 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

हरदा स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 12 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 53 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 32000 रुपए बतौर किराया, जुर्माना वसूला। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 106 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 49025 रुपए बतौर जुर्माना, किराया वसूल किया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 3 यात्रियों से 1400 रुपए रुपये जुर्माना वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई। इस प्रकार हरदा स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 162 मामलों से कुल रुपये 82425 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

टिकट चेकिंग अभियान के दौरान नर्मदापुरम स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 11 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 52 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 27565 रुपए बतौर किराया, जुर्माना वसूला। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 27 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 12290 रुपए बतौर जुर्माना, किराया वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई। इस प्रकार नर्मदापुरम स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 79 मामलों से कुल रुपये 39855 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

## केसीसी-11, बब्बर शेर, विल्स क्लब और किंग्स इलेवन ने जीते अपने मैच

**इटारसी, देशबन्धु।** किंग्स इलेवन के तत्वावधान में आयोजित श्री गुरु नानक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आज चौथा दिन बहुत ही रोमांचक रहा। पहला मुकाबला केसीसी-11 और सिंध क्लब के मध्य खेला गया। केसीसी-11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया।

बल्लेबाजी करने उतरी सिंध क्लब की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में दो विकेट खोकर 93 रन का बड़ा लक्ष्य रखा जिसे केसीसी-11 ने 7.1 ओवर में प्राप्त कर लिया। मैन ऑफ द मैच देव सोठा रहे। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला बब्बर शेर और वाल्मीकि क्लब के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर वाल्मीकि क्लब ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बब्बर शेर की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट खोकर 94 रन का बड़ा लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलते वाल्मीकि क्लब की टीम मात्र 74 रन पर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच लव दुबे रहे।




तीसरा मुकाबला कूल बॉयज और विल्स क्लब के मध्य खेला गया। विल्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 85 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में कूल बॉयज की टीम मात्र 45 रन पर ही सिमट गई। मैन ऑफ द मैच अरविंद यादव रहे। चौथा और अंतिम मैच अन्ना फाइटर्स और किंग्स इलेवन के मध्य खेला गया। बल्लेबाजी में किंग्स इलेवन की टीम के मात्र 11 रन पर 6 विकेट गिर गये। उसके बाद सातवें विकेट की पार्टनरशिप के रूप में हनी पटेल और गुरु चरण में अपनी पारी को संभाला और टीम का स्कोर 8 ओवर में 72 रन तक पहुंचाया। अन्ना फाइटर्स की टीम को ऑल आउट करके किंग्स इलेवन ने इस टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच गुरुचरण रहे।

## जेएल वर्मा मेमोरियल ट्रॉफी के फाइनल मैच में नर्मदापुरम ने 28 रनों की बढ़त बनाई



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की जा रही जेएल वर्मा मेमोरियल ट्रॉफी अंडर-13 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के बैतूल टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और प्रथम पारी में बल्लेबाजी करते हुए 116 रनों पर ऑल आउट हुई। टीम की ओर से देवांशु चौहान ने सर्वाधिक 76 रन बनाए। नर्मदापुरम टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रज्वल मीणा ने सर्वाधिक 5 विकेट तथा शशांक दुबे ने 4 विकेट का योगदान दिया। नर्मदापुरम टीम ने अपनी पारी में बल्लेबाजी करते हुए आज के दिन के खेल के समाप्त होने तक 6 विकेट खो कर 144 रन बना लिए हैं। टीम की ओर से आदर्श शर्मा ने 63 रन की पारी खेली तथा अनिमेष ने 51 रन की पारी खेली बैतूल टीम की ओर से कृष्णा शर्मा ने 2 विकेट लिए। मैच में अंपायर की भूमिका विष्णु बोरासी एवं फजल खान ने निभाई स्कोरर की भूमिका मनोहर बिल्थरिया ने निभाई।

## वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर दी काव्यात्मक श्रद्धांजलि



**इटारसी, देशबन्धु।** वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर 19 नवंबर को कवि गुलाब भूमरकर के संयोजन में एक भव्य काव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन श्री प्रेमशंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में कवियत्री वरिष्ठ हास्य व्यंग्यकार बीके पटेल उपस्थित थे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार टीआर चोलकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में गजलकार राधा मैना प्रिया उपस्थित रही। शुरुआत विद्या दायिनी मां सरस्वती एवं महारानी लक्ष्मीबाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के साथ की गयी। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ संयोजक गुलाब भूमरकर ने सरस्वती वंदना के साथ किया।

देर रात तक चली इस काव्य गोष्ठी में अरविंद त्रिपाठी झांसी ने 'झांसी के नाम को कर गई रोशन रानी लक्ष्मी बाई है, बुंदेले हरबोलों ने ये बात हमें बतलाई है' रचना सुनाकर सबका मन मोह लिया। कवि गुलाब भूमरकर ने 'होकर घोड़े पर सवार, चली रानी बेतवा पार' रचना सुनाकर खूब तालियां बटोरी। वरिष्ठ हास्य व्यंग्यकार ब्रजकिशोर पटेल ने 'आगे क्या होगा भगवान' शीर्षक से कविता के माध्यम से बीमारी के दौरान अनुभवों की कथा प्रस्तुत की जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। वरिष्ठ गीतकार रामकिशोर नाविक के 'कुछ गीत तुम्हारे सिरहाने रख छोड़ के जाऊंगा' गीत को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे।

वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुशवाहा, शायर मदन बड़कुर तन्हाई, सतीश शमी, विनय चौरे, रूपेंद्र गौर, विकास उपाध्याय, हनीफ खान, मोहम्मद अफाक, अविनेश चंद्रवंशी, सागर भावसार, आनंद चौरे, आलोक शुक्ला अनूप, राजेश दुबे, राजेश व्यास, नर्मदा प्रसाद मालवीय, बृजमोहन सिंह सोलंकी, महेश मालवीय, सौरभ दुबे सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति मंच के माध्यम से दी। संचालन तरुण तिवारी तरु ने एवं आभार प्रदर्शन गुलाब भूमरकर ने किया।

## पंचायत के अमले ने स्कूलों में स्वयं पंजीयन करना बताया



**इटारसी, देशबन्धु।** इन दिनों आयुष्मान भारत योजना के लिए बुजुर्गों के पंजीयन का कार्य पूरे देश में चल रहा है। इसके लिए विभिन्न केन्द्रों पर पंजीयन हो रहे हैं तो वहीं आमजन स्वयं भी आयुष्मान एप्लीकेशन के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना और जिला पंचायत सीईओ सोजन सिंह रावत के निर्देशन में केसला ब्लॉक में भी यह कार्य चल रहा है। आज हाई स्कूल ताकू और मिडिल स्कूल में पंचायत के अमले ने आयुष्मान पंजीयन स्वयं कैसे करें, इसकी जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की।

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने किया कर्मचारियों की शंका का समाधान



**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे यूनियनों के मान्यता के चुनाव को देखते हुए आज वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के सहायक महामंत्री कॉमरेड मनीष भगत के नेतृत्व में व्यापक जन संपर्क किया गया। सुबह 08 बजे से इलेक्ट्रिक शेड में एक द्वार सभा की गई, जिसमें कर्मचारियों की भारी भीड़ उपस्थित रही। रेल साथियों को एआईआरएफ/डब्ल्यूसीआरईयू के द्वारा पूर्व में संघर्षों से प्राप्त उपलब्धियों और पेंशन से संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। उसके बाद सीएंडडब्ल्यू के सिक साइडिंग में भी कर्मचारियों को संबोधित किया गया। उसके बाद ट्रैकमेनों के बीच जाकर उनकी भी समस्याएं एकत्र की गई। यूनियन के नेताओं ने रेलवे स्टेशन पर लोको पायलट लॉबी, टीटीई लॉबी के कार्यालयों में जाकर सघन जनसंपर्क किया। इस अभियान में कॉमरेड मनोज रायकवार, दीपक कुमार, रामस्वरुप महतो, सुरेश धूरिया, सज्जन यादव, सुनील सिंह, बिरजू पाल, विजय सिंह तोशिब प+श्खान, वकील सिंह, ललित रघुवंशी, नितिन मैना, नरेश पाठक, अनुभव पाल आदि उपस्थित रहे।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## ड्राइविंग लाइसेंस कैंप में बने 125 लाइसेंस



**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान, उच्च शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन एवं अग्रणी महाविद्यालय के पत्र के परिपेक्ष में बुधवार को महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कामधेनु पाटोदिया के संरक्षण में ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का द्वितीय चरण महाविद्यालय में पूरा हुआ। इस कैंप में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने हेतु बड़ा उत्साह नजर आया क्योंकि ड्राइविंग लाइसेंस टीम जो जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में आई थी, उसमें से संजय मीणा के द्वारा लाइसेंस बनाने से पूर्व हमें किस प्रकार से चलना है। पदयात्रा करते समय कैसे चलना है। के बारे में छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से जानकारी प्रदान की इसके पश्चात उन्होंने अपना कैंप प्रारंभ किया। कैंप में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा चिन्ह परीक्षा देकर अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए। पूरा ड्राइविंग लाइसेंस कैंप महाविद्यालय की प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी के संरक्षण में संपन्न हुआ। उक्त कैंप के दौरान महाविद्यालय के डॉक्टर हिमांशु चौरसिया के साथ समस्त स्टाफ सहयोग के लिए उपस्थित रहा। आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के नेतृत्व में जो टीम आई थी उसमें निरंजन बघेल राजेश चौधरी सौरव दीवान एवं संजय मीणा का विशेष योगदान रहा। आज महाविद्यालय के 125 से अधिक बच्चों ने अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर जनशिक्षक मिसरोद कुँवरसिंह वाडिवा निलंबित

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम श्रीमती भावना दुबे ने माध्यमिक जनशिक्षक मिसरोद, कुँवरसिंह वाडिवा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेशानुसार सुरेश अतुलकर (सहा.शिक्षक) शासकीय प्राथमिक शाला खोसकर व्दारा अपनी जगह पर प्राईवेट टीचर संगीता सवेरिया संस्था में अध्यापन कार्य करती हुई पाई गई, जिसकी जांच जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम् द्वारा कर सुरेश अतुलकर सहा. शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच प्रतिवेदन में उक्त स्कूल जनशिक्षा केन्द्र मिसरोद में है जनशिक्षक को प्रत्येक माह उसके अधीन शालाओं का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन वरिष्ठ अधिकारी को भेजने के निर्देश है। परंतु प्रारंभिक रूप से यह पाया गया है कि श्री वाडिवा व्दारा समाचार पत्र में तो स्टेटमेन्ट दिया गया है कि श्री अतुलकर को नोटिस जारी किया गया है परंतु उक्त स्कूल में कोई एवजी / प्राईवेट टीचर अध्यापन कार्य कर रही है कि न तो वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई और न ही स्कूल के प्रधानाध्यापक, अन्य जिम्मेदार के विरूद्ध कोई कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। जनशिक्षा केन्द्र के अन्तर्गत कुँवरसिंह वाडिवा (जनशिक्षक) का दायित्व है कि वे सतत् स्कूलों का अवलोकन करें उनके व्दारा की गई लापरवाही के कारण उक्त घटना घटित हुई। कुँवरसिंह वाडिवा का उक्त कृत्य कदाचरण की श्रेणी के अन्तर्गत आता है। जिस पर श्री वाडिवा जनशिक्षक मिसरोद को दोषी पाये जाने के फलस्वरूप श्री वाडिवा को निलंबित कर उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सिवनीमालवा किया गया है।

### प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की, कहा-

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से नर्मदापुरम में औद्योगिक विकास की आधारशिला का निर्माण होगा



## अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए



**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में श्री सिंह ने आगामी 7 दिसंबर को नर्मदापुरम संभाग की रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव के संबंध में सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहां की रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव से नर्मदापुरम जिले एवं संभाग में एक औद्योगिक वातावरण की आधारशिला का निर्माण होगा। क्षेत्र के लोगों को ध्यान में रहेगा कि हमारे यहां कौन-कौन से इंडस्ट्री आ रही है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से जिले में एक अच्छा औद्योगिक वातावरण का भी निर्माण होगा।

प्रभारी मंत्री ने बैठक में स्पष्ट हिदायत दी कि जिले में अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावशील कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरण सिंह को निर्देश दिए कि वह इस दिशा में कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि शराब शहर एवं गांव में बिक रही है इस आशय की शिकायत जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई है जो कि गंभीर है और यह तत्काल बंद होनी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने 70 प्लस आयु वर्ग के लोगों के बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिनेश देहलवार को निर्देश दिए कि वह आयुष्मान कार्ड बनाने की गति में तेजी लाएं। प्रभारी मंत्री ने सिवनी मालवा में नवनिर्मित सिविल अस्पताल को एक या दो दिन में प्रारंभ करने के निर्देश दिए और कहां की व्यवस्थित रूप से सिविल अस्पताल का संचालन किया जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं ठीक से क्रियान्वयन हो इसके लिए सभी अधिकारी अपना शत प्रतिशत प्रयास करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनता की कठिनाईयां समय रहते निराकृत की जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि 6 माह में सिवनी मालवा में शहर में हर घर नल का कार्य नगर पालिका सिवनीमालवा कंप्लीट कर दें। उन्होंने मालाखेड़ी एवं अन्य डूब क्षेत्र का पुन: रिव्यू करने के निर्देश दिए साथ ही पलकमति नदी में अधो संरचना विकास सुधार के कार्य करने के निर्देश दिए। बताया गया की पलक मति नदी में सुधार एवं सौंदर्य करण के लिए रिटेंडर लगाया गया है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए की पलक मति नदी को प्रवाह मान बनने के लिए सुधार का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। प्रभारी मंत्री ने डबल लाक केन्दो में आने वाले किसानों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने एवं बैठने के लिए छायादार व्यवस्था करने के निर्देश दिए, साथ ही संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन जिन केंद्रों एवं सोसाइटियों से खाद वितरण किया जा रहा है उसकी जानकारी से जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से अवगत कराए। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए की जिन विधानसभा क्षेत्रों में उपार्जन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं उन उपार्जन केंद्रों की जानकारी सूची सहित संबंधित विधायकों को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। प्रभारी मंत्री ने सांसद दर्शन दिन चौधरी की मांग पर कृषि उपज मंडी के व्यापारियों एवं जिला प्रशासन की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि यदि किसी गांव की अधिकांश महिलाएं शराब दुकान बंद करने की मांग कर रही है तो वहां प्राथमिकता से शराब दुकान बंद की जाए। विधायक नर्मदापुरम डॉक्टर सीता सरन शर्मा ने इटारसी में एक एसडीपीओ कार्यालय खोलने, संजीवनी क्लीनिक का टेकओवर ना होने एवं सीवरेज के गड्ढों तथा डीजे पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने 70 प्लस व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड जहां-जहां बन रहे हैं उससे प्रतिनिधियों को अवगत कराने की बात कही। वहीं विस्थापित ग्रामों में खाद वितरण व्यवस्था बेहतर एवं सुचारु रूप से संचालित करने पर कलेक्टर सोनिया मीना की सराहना की। सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने सिवनी मालवा के सिविल अस्पताल के अब तक शुरू न होने एवं सिवनी मालवा की रेत अन्य जिले में ले जाने की जानकारी से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राधा सुधीर पटेल, नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, भाजपा अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, विकास नारोलिया, कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरुकरण सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, अपर कलेक्टर डीके सिंह एवं सभी अनुभाग के अनुविभागीय दंडाधिकारी तथा समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मां नर्मदा नदी के दर्शन कर पूजा अर्चना किया



प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदा पुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने बुधवार को मां नर्मदा के पावन तट सेठानी घाट पहुंचकर मां नर्मदा के दर्शन कर पूजन अर्चना की। उन्होंने मां नर्मदा को दूध एवं जल अर्पित कर पूजन अर्चन किया। मां नर्मदा की आरती कर प्रभारी मंत्री ने सभी जिला वासियों के लिए मंगल कामना की।

## निर्माणाधिन जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने अपने नर्मदापुरम प्रवास के दौरान बुधवार को निर्माणधीन जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन जिला अस्पताल की एमसीएच (मातृ शिशु स्वास्थ्य इकाई) विंग बनाई जा रही है जिसकी निर्माण लागत 3399.88 लाख एवं सीसीएचबी (क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक) विंग का निर्माण किया जा रहा है इसकी लागत राशि 1329.00 लाख है। एमसीएच विंग 42 महीने में एवं सीसीएचबी विंग 11 महीने में कंप्लीट होगी। वर्ष 2025- 26 तक अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाएगा। जिला अस्पताल में 180 बिस्तरीय मातृ शिशु स्वास्थ्य इकाई एवं क्रिटिकल केयर हेल्प हेल्थ ब्लॉक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मध्य प्रदेश भवन विकास निगम इसकी निर्माण एजेंसी है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ श्री जैन ने बताया कि अब तक निर्माणाधीन जिला अस्पताल में लोअर ग्राउंड फ्लोर फ्रेम स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो गया है। साथ ही ग्राउंड फ्लोर की स्लैब का कार्य प्रगति रत है। प्रथम तल की स्लैब का कार्य प्रगति रत है, एवं द्वितीय एवं तृतीय तल की स्लैब का कार्य किया जाना है। वर्तमान में शासन द्वारा 14.73 एकड़ जमीन आवंटित की गई। एमसीएच विंग के फ्रेम स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण होने के पश्चात 23 नवंबर 2026 तक इसे हैंडोवर किया जाएगा। वही सीसीएचबी इकाई का कार्य 15 मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाकर उसे हैंडोवर किया जाएगा।

## रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव स्थल आईटीआई महाविद्यालय का निरीक्षण किया



प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने नर्मदापुरम संभाग की रीजनल इंडस्ट्री कांन्क्लेव के आयोजन स्थल आईटीआई महाविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने आईटीआई महाविद्यालय में कॉन्क्लेव के लिए की जा रही तैयारी की स्थिति का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की 5 दिसंबर तक कॉन्क्लेव से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिकारी समय से पहले तैयारियां पूर्ण करें। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने बताया कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए आईआईटी महाविद्यालय में जिला प्रशासन द्वारा बहुत अच्छी तैयारी की जा रही है और सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण हो जाएंगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि नर्मदापुरम संभाग की रीजनल इंडस्ट्री कांन्क्लेव नर्मदापुरम जिले में संपन्न होगी। आईटीआई महाविद्यालय में अलग-अलग सेशन के लिए अलग-अलग हाल बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री उद्योगपतियों से वन टू वन मीट करेंगे उसके लिए भी अलग से हाल बनाया जाएगा। प्रेस के लिए मीडिया सेंटर बनाया जाएगा। सर्व सुविधा युक्त एक हाल भी बनाया जाएगा जो रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए के लिए आदर्श होगा।

# शतरंज के मुकाबले पांचवें चक्र में हुए रोमांचक



**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में चल रही 68वीं राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में 17 वर्ग में शतरंज के मुकाबला रोमांचक दौर में पहुंच गए हैं। चौथे चक्र की समाप्ति के बाद जहां केरल और दिल्ली बराबर 8 8 अंक लेकर आगे थी वहीं पर तमिलनाडु और महाराष्ट्र उनको 7 अंक लेकर कड़ी टक्कर दे रहे थे। पांचवें चक्र की शुरुआत में जैसा कि माना जा रहा था कि केरल और दिल्ली का मुकाबला बहुत तगड़ा चलेगा लगभग चार घंटे चले मुकाबले में दिल्ली ने दो गेम जीते व एक ड्रॉ हुआ और केरल पर 2.5 के मुकाबले 1.5 अंक से अपने नाम मैच किया व बढ़त बना ली। पांच चक्र की समाप्ति के बाद दिल्ली 10 अंक लेकर सबसे आगे चल रही है वही महाराष्ट्र तमिलनाडु और केरल आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। वही बालिकाओं में रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं जिसमें केरल सबसे आगे चल रही है उसके बाद महाराष्ट्र राजस्थान और तेलंगाना की टीम आगे चल रही है। इस स्पर्धा में मुख्य निर्णय की भूमिका अंतरराष्ट्रीय निर्णायक यशपाल अरोड़ा निभा रहे हैं वहीं उनके सहायक ऑर्बिटल होशंगाबाद से श्री एसपी मेहरा है और साथ ही अंकुर सिंह ठाकुर आयुष्मान सैनी रोहित श्रीवास्तव अमित सोनी जीपी गौर योगेश तिवारी वीरेंद्र सामान भूपेंद्र जाटव एक महिला निर्णायक रानी मेहरा भी मुख्य भूमिका में है।

## काल करे सौ आज कर का सूत्र अपनाने से सफलता प्राप्त होती है : यादव

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम जेपी यादव द्वारा केसला विकास खण्ड के शासकीय उच?चतर माध्यमिक विद्यालय तवानगर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा 11वी एवं 12वी के विद्यार्थियों से संवाद किया।

यादव ने छात्र/छात्राओं से कहा कि समय के अनुसार जो व्यक्ति प्राथमिकताऐं तय कर उसके अनुरूप कार्य करता है, उसे सफलता मिलती है। इस दुनियां में दो तरह के लोग होते हैं। एक तरह के लोग कबीरदास जी के इस दोहे से प्रेरित होते हैं कि काल करे सो आज कर, आज करे सो अब। पल परलय होएगा, बहुरी करेगा कब तथा दूसरे तरह के लोग जो आज का काम कल पर टालते हैं वो इस सिदधांत में विश्वास रखते हैं कि आज करे सौ कल कर, कल करे सौ परसों, इतनी जल्दी क्या पड़ी है, अभी पड़े हैं बरसों। दूसरे तरह के लोग जीवन में कोई उपलब्धियाँ हासिल नहीं कर पाते हैं। श्री यादव ने कहा कि इस पूरी दुनियाँ में समय एक मात्र ऐसी चीज है जिसे खरीदा नहीं जा सकता, बेचा नहीं जा सकता, रोका नहीं जा सकता। समय अमूल्य और सिमित है, जो समय का महत्व जानते हैं वो एक-एक पल का सदुपयोग कर अपने जीवन को बेहतर और आसान बनाते हैं। समय की अवहेलना करने वाले अपनी पूरी जिन्दगी को परेशानियों में डालते हैं। इसलिए समय का उपयोग एकाग्र होकर, नियमित रूप से कार्य करने पर सफलता मिलेगी। विद्यार्थी जीवन पूरी जिन्दगी का आधार है, इसलिए विद्यार्थी जीवन में अपने आपको भटकाव से बचा कर रखें। लक्ष्य केन्द्रीत होकर कढ़ा परिश्रम करें सफलता अवश्य मिलेगी। श्री यादव द्वारा विद्यालय के निरीक्षण में पाया गया कि विद्यार्थी की उपस्थिति 76त्न है। श्री यादव ने प्राचार्य को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों एवं उनके पालकों से संपर्क कर उपस्थिति बढ़ावें। जितनी अधिक उपस्थिति होगी उतना अच्छा परीक्षा परिणाम आयेगा। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था किये जाने हेतु टूटे वाटर फिल्टर को ठीक कराये जाने, शौचालय में पानी की रनिंग व्यवस्था किये जाने, विज्ञान विषयों में अभी तक निर्धारित प्रयोग नहीं हुए है उन्हें कराये जाने, कुछ शिक्षकों द्वारा निर्धारित 13 आकस्मिक अवकाश से अधिक लिये जाने पर अतिरिक्त उपभोग किये गये आकस्मिक अवकाश को अवैतनिक किया जाकर वेतन कटौत्रा किया जाए ऐसे निर्देश प्रभारी प्राचार्य को दिये हैं। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच श्री एस.एन. धुर्वे, प्रभारी प्राचार्य श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



### 68 वीं राष्ट्रीय शालेय बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता

## बालक एवं बालिका वर्ग में खेले गये सेमिफाईनल मैच

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** जिला प्रशासन एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षण विभाग नर्मदापुरम संभाग के तत्वावधान में 68वीं राष्ट्रीय शालेय बैडमिंटन खेल प्रतियोगिता के चतुर्थ दिवस में बालक एवं बालिका वर्ग के 17 एवं 19 वर्ष के सेमीफाईनल मैच पंडित रामलाल शर्मा विद्यालय में खेले गये। राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक वर्ग के अंडर-19 में पंजाब और तमिलनाडू के बीच सेमीफाईनल मैच खेला गया जिसमें पंजाब 2-0 से विजेता एवं दिल?ली और चंढीगढ के सेमीफाईनल मैच में चंढीगढ 0-2 से विजेता रही। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के अंडर-19 में तमिलनाडू और कर्नाटक के बीच सेमीफाईनल मैच खेला गया जिसमें कर्नाटक 0-2 से विजेता एवं पंजाब और महाराष्ट्र के सेमीफाईनल मैच में महाराष?ट्र 0-2 से विजेता रही। इसी तहर राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक वर्ग के अंडर-17 में मध्यप्रदेश और केन्द्रीय विद्यालय के बीच सेमीफाईनल मैच खेला गया जिसमें मध्यप्रदेश 2-1 से विजेता एवं महाराष्ट्र और तेलंगना के सेमीफाईनल मैच में तेलंगाना 0-2 से विजेता रही। अब फाइनल म.प्र. एवं तेलंगानाके बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के अंडर-17 में सीबीएसई और तमिलनाडू के बीच सेमीफाईनल मैच खेला गया जिसमें सीबीएसईडब्ल्यूपी 2-1 से विजेता एवं महाराष्ट्र और हरियाणा के सेमीफाईनल मैच में महाराष्ट्र 2-0 से विजेता रही।

# विविधताओं से समृद्ध है नर्मदापुरम का पर्यटन: डॉ चौकसे

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** जिले में सतपुड़ा पर्वत श्रंखला में पर्यटन की अपार संभावनाएं है, साथ ही नर्मदापुरम को एक जिला एक उत्पाद में पर्यटन को भी जोड़ा गया है। इसी तारतम्य में नए नए पर्यटन को भी खोजा ओर जोड़ा जा रहा है। मध्यप्रदेश पर्यटन और जिला प्रशासन के सतत प्रयास से क्षेत्र में आज पर्यटकों की संख्या करोड़ में पहुंच गई है। महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन परियोजना के अंतर्गत भारतीय ग्रामीण सेवा के माध्यम से शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में टूरिस्ट फैसिलिटेर ट्रेनिंग प्रोग्राम पिछले 30 दिनों से चल रहा था, जिसके समापन अवसर पर इतिहास विभाग में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर के चौकसे ने अपने उद्बोधन में कहा कि, विविधताओं से समृद्ध है नर्मदापुरम का पर्यटन। धार्मिक, ऐतिहासिक, जलीय, प्राकृतिक, पर्वतीय, योग, जलीय खेल पर्यटन के साथ बायोडायवर्सिटी से भी समृद्ध है। समापन के अवसर पर डॉ अमिता जोशी ने कहा कि पर्यटन के लिये पर्यटकों की सुविधा के प्रबंधन की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण ले रहे छात्र छात्राओं ,शांति मांझी, मनोज टेकाम, सुरभि साहू, अपूर्वा वर्मा, गजेंद्र अहिरवार आदि विद्यार्थियों के समूह ने सिटी वॉक करवाते हुए नर्मदापुरम् के ऐतिहासिक स्थलों का परिचय दिया। वही धर्मेंद्र कटारे ने कार्यशाला के अनुभव एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि कार्यशाला से व्यक्तित्व विकास तो हुआ ही साथ ही साथ पर्यटन से जुड़े हुए स्वरोजगार की भी जानकारी मिली। डॉ हंसा व्यास ने कहा कि आज महिलाओं की सुरक्षा पहली आवश्यकता है। अत: महिलाओं की सुरक्षित पर्यटन परियोजना एक ऐसी महत्वपूर्ण योजना है जिसके माध्यम से हम महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित कर सकते हैं और महिला पर्यटक गाइड बनाकर यह सुरक्षा और अधिक मजबूत कर सकते हैं। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन एम ए इतिहास की छात्राएं वैष्णवी मांझी और पाखी माहुरकर ने किया। इसी अवसर पर इतिहास क्लब और पर्यटन क्लब का भी गठन किया गया। इतिहास क्लब की अध्यक्ष पाखी माहुरकर, उपाध्यक्ष अमन मेहरा, सचिव वैष्णवी मांझी और सह सचिव चंद्रिका बनाई गई। पर्यटन क्लब की अध्यक्ष शांति मांझी, उपाध्यक्ष अपूर्वा वर्मा, सचिव धर्मेंद्र कटारे और सह सचिव कुणाल मालवीय को बनाया गया और इन्हें कार्यों की जिम्मेदारी और कर्मठता का संदेश प्राचार्य डॉक्टर आर के चौकसे ने दिया।



## टूरिस्ट फैसिलिटेर ट्रेनिंग का हुआ समापन

कार्यक्रम में प्राचार्य और अतिथि डॉ एस सी हर्णे, जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज ठाकुर, आई जी एस से जयपाल एवं श्री सोनवानी और गाइड ट्रेनर आशीष पांडे के द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। डॉक्टर कल्पना विश्वास आभार व्यक्त करते हुए पर्यटन के महत्व को समझाया। कार्यक्रम का संयोजन नित्या पटेरिया चित्रकला विभाग के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

## सिवनीमालवा में रोजगार मेला का समापन

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** कलेक्टर नर्मदापुरम के निर्देशानुसार एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा शासकीय औ.प्र.संस्था सिवनी मालवा में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. उमेश धुर्वे प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा रोजगार मेले का शुभारंभ किया गया। जिसमें जिला रोजगार अधिकारी डॉ. ए.बी. खान एवं धर्मेश तिवारी द्वारा रोजगार मेला में विशेष अहम भुमिका निभाई गई एवं प्राचार्य आईटीआई राजेश कुमार राठौर, रजत अग्रवाल, शिखर खंडेलवाल, खेमराज धाडसे टीपओ, विनय पटेल एवं अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहें।

देशबन्धु

नर्मदापुरम, गुरुवार 21 नवम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## महाराष्ट्र : चुनाव जीतने भाजपा की छटपटाहट

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव जीतने के लिये भारतीय जनता पार्टी की बेताबी का आलम मतदान के पहले के दो दिनों में देखने को मिला। सोमवार की रात चुनाव प्रचार करते हुए पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख पर बड़ा हमला हुआ जिसमें वे जख्मी हो गये, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को मुम्बई के निकटस्थ एक उपनगर में नोट बांटते हुए पकड़ा गया। देशमुख राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता हैं जिनके पुत्र सलिल काटोल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। नरखेड़ में प्रचार कर अनिल देशमुख नागपुर लौट रहे थे तभी उनकी कार पर पत्थरों से हमला हुआ। उनके सिर पर चोटें आईं। उन्हें पहले काटोल के शासकीय अस्पताल ले जाया गया तत्पश्चात उनकी चोटों को देखते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है, तो वहीं तावड़े के विरुद्ध चुनाव आयोग ने मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। तावड़े महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री रह चुके हैं।

बुधवार को प्रदेश की सभी 288 सीटों के लिये हुआ मतदान किस माहौल में सम्पन्न हुआ इसका अंदाजा तो लग ही गया, यह भी साफ है कि महाराष्ट्र की सत्ता किसी भी परिस्थिति में हाथ से न जाने देने के लिये भाजपा आमादा है। यहां भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के तहत मैदान में हैं। उसके खिलाफ महाविकास आघाड़ी के नाम से कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना एवं एनसीपी का शरद पवार धड़ा मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। एनडीए के भीतर चल रहे मनमुटाव और मतभेदों के चलते वह कमजोर पिच पर खड़ी है तो दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी (एमवीए) तमाम विपरीत परिस्थितियों तथा दुश्वारियों के बीच भी एकजुट है जिसके कारण सत्ता हाथ में होने के बाद भी एनडीए को चुनाव जीतने के लिये तमाम हथकण्डे अपनाने पड़ रहे हैं। देशमुख पर किये गये हमले के आरोपियों का अभी खुलासा नहीं हुआ है लेकिन देशमुख एवं उनकी पार्टी का विश्वास है कि पत्थर भाजपा के लोगों ने ही चलाये।

उधर विनोद तावड़े का किस्सा भी दिलचस्प मोड़ ले रहा है। राजनीतिक गलियारों में बात फैल चुकी है कि उनके द्वारा ठाणे जिले के नालासोपारा स्थित विवांत होटल में नोट बांटने की गुप्त सूचना खुद भाजपाइयों ने विरोधी गुट को पहुंचाई। यह इलाका बाहुबली और चार मर्तबा विधायक रहे हितेन्द्र ठाकुर का है। इस बार उनका पुत्र क्षितिज बहुजन विकास आघाड़ी की टिकट पर लड़ रहा है। मतदान की पूर्व संध्या यानी मंगलवार की शाम को तावड़े द्वारा किये जा रहे धन वितरण के दौरान बीवीए के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंच गये। उन्होंने वहां रखे काले बैग व नोट भरे लिफाफे दिखाये तथा बंडलों को मुट्ठियों में लहराते हुए फोटो खिंचवाए और तावड़े से सवाल-जवाब किये। पैसे बांटने का काम इतना पूर्व नियोजित था कि कुछ समय के लिये वहां का सीसीटीवी कैमरा बन्द करा दिया गया था। क्षितिज ने दावा किया है कि उनके हाथ में वह डायरी लग गयी है जिसमें तावड़े द्वारा बांटे जा रहे रुपयों का हिसाब है। हालांकि तावड़े अपने स्थानीय उम्मीदवार राजन नाईक के साथ सफाई देते रहे और चुनाव आयोग की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग करते रहे लेकिन दोनों के खिलाफ मामले दर्ज हो ही गये।

मंगलवार की रात भर में तावड़े के इस धन वितरण की क्लिप्स और विस्तृत वीडियो महाराष्ट्र भर में फैल गये। देखना यह है कि इसका असर मतदान पर क्या हुआ। 23 नवम्बर को ही पता चल पायेगा जब सभी नतीजे निकलेंगे। जो भी हो, इसके कारण विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा मिल गया। राहुल गांधी ने इस सन्दर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खिंचाई की। उन्होंने पूछा कि 'अदानी द्वारा टैंपो में भर-भरकर महाराष्ट्र में नोट भेजे जाने की पीएम कब जांच कराएंगे?' कहा तो यहां तक जा रहा है कि महाराष्ट्र में वोटरों को लुभाने के लिये जमकर पैसा बंटा है। तावड़े से बरामद 5 करोड़ रुपये तो झलक मात्र है। राज्य में आम चर्चा है कि एक-एक वोट के लिये 10-10 हजार रुपये तक बांटे गये हैं। तावड़े द्वारा किये गये धन वितरण के मामले तथा देशमुख पर हुए हमले को लोग भाजपा की सत्ता की अकुलाहट से जोड़कर देख रहे हैं।

भाजपा द्वारा अपनाये जा रहे हथकण्डों से यह आशंका भी गहरानी स्वाभाविक है कि यदि एनडीए को बहुमत नहीं मिलता और एमवीए अपनी सरकार बनाने में विलम्ब करती है तो केन्द्र राज्यपाल के जरिये यहां वैसा ही खेला कर सकती है जिस तरह तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार बनवा दी थी। इसके लिये भाजपा ने शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़ा था। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि 26 नवम्बर तक प्रदेश की नयी सरकार का गठन हो जाना चाहिये अन्यथा वहां राष्ट्रपति शासन लगाने में केन्द्र सरकार देर नहीं करेगी। यह भाजपा की राजनीतिक मोडस आपरेंडी रहेगी कि पहले सत्ता को केन्द्र अपने हाथों में ले तत्पश्चात वहां ऑपरेशन लोटस के जरिये खुद की सरकार बना ली जाये। बुधवार को जेल जा चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी ने शरद पवार की पुत्री व सांसद सुप्रिया सुले और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर क्रिप्टोकरेंसी में 235 करोड़ रुपये मूल्य के बिटकाइन की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। माना जा रहा है कि इसके पीछे भाजपा का ही हाथ है। पाटिल के अनुसार इस राशि का उपयोग इस चुनाव में किया गया है। हालांकि इसका खंडन खुद शरद पवार ने यह कहकर किया है कि सत्ता के लिये भाजपा किसी भी हद तक गिर सकती है। अब सच्चाई तो जांच के बाद सामने आएगी, लेकिन चुनाव से पहले इस तरह के आरोप और खुलासे भाजपा की छटपटाहट को दर्शा रहे हैं।

# फेक नैरेटिव को लेकर मोदी की चिंता

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

मणिपुर एक बार फिर हिंसा की चपेट में है। राज्य के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा है, जरूरी सामान खरीदने के लिए लोगों को कुछ घंटों की राहत दी जा रही है, लेकिन सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त ही है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। जब कोई राज्य लगभग डेढ़ साल से हिंसाग्रस्त रहे, जब राज्य के मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारियों को पूरा न कर पाएं, जब देश के प्रधानमंत्री को आम जनता की सुध लेने की फिक्र न हो, तब जनता किस तरह से आराम से रह सकती है। सिर पर हमेशा हिंसा की तलवार लटके रहने पर कितना मानसिक तनाव होता होगा इसकी तो कल्पना हम कर भी नहीं सकते। आश्चर्य होता है यह देखकर कि प्रधानमंत्री मोदी ने कितने आराम से खुद को मणिपुर से दूर कर लिया है। अभी जब इस पूर्वोत्तर राज्य में हालात फिर बिगड़े तो अमित शाह ने अपने चुनावी दौरे का थोड़ा हिस्सा रद्द किया, हालांकि पिछले महीने मणिपुर पर गृहमंत्रालय द्वारा बुलाई गई बैठक में वे खुद ही शामिल नहीं हुए थे, खैर अमित शाह अब राज्य की कानून व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं, उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मणिपुर मुद्दे पर दखल देने की मांग की है। मंगलवार को लिखे दो पेज के पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि 18 महीने में केंद्र और राज्य की सरकार मणिपुर में शांति स्थापित करने में असफल रही है। आप संविधान की संरक्षक हैं, इसलिए दखल दें। मणिपुर में भाजपा की सहयोगी एनपीपी ने समर्थन वापस ले लिया है और सोमवार को एनडीए की एक बैठक में 18 विधायक ही गायब रहे। कहने का आशय यह कि अपने दायरे में रहकर कमोबेश सभी राजनेता अपने मंतव्य को सामने रख रहे हैं या कार्य कर रहे हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी ऐसा नहीं कर रहे तो सवाल उठता है कि आखिर मोदी चाहते क्या हैं। उनके अपने ही देश में एक राज्य हिंसा में झुलसा हुआ है और उनके मुंह से उफ तक नहीं निकल रही। क्या मोदी की 56 इंची छाती के भीतर पत्थर का दिल है, जिसमें कोई स्पंदन ही नहीं होता।

अभी जब विधानसभा चुनावों के साथ-साथ मणिपुर के हालात पर भी देश का ध्यान जा रहा है, तब ये देखना दिलचस्प है कि मोदी का ध्यान किस तरफ है। 17 नवंबर को श्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से आलोक भट्ट नाम के एक यूजर का एक्स पोस्ट रीपोस्ट किया है। इस पोस्ट में गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर भी दिखाया गया है। नरेन्द्र मोदी ने लिखा है: ''ये अच्छी बात है कि ये सच सामने आ रहा है और वो भी एक ऐसे तरीके से जिससे आम लोग इसे देख सकें। एक फेक नैरेटिव कुछ समय तक ही चल सकता है। आखिरकार, फैक्ट्स हमेशा सामने आते हैं!'' गौरतलब है कि आलोक भट्ट ने फिल्म देखने की 4 वजहें बताई गई हैं। इन वजहों के बारे में बताते हुए उन्होंने लिखा है कि ये फिल्म उन 59 लोगों के लिए सही मायने में श्रद्धांजलि है जिन्होंने गोधरा कांड में अपनी जान गंवाई थी। आश्चर्य नहीं कि प्रधानमंत्री के इस ट्वीट के बारे में एक विज्ञप्ति बाकायदा प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी हुई है। प्रसंगवश बता दें कि आलोक भट्ट के एक्स हैंडल पर भाजपा के झारखंड चुनाव के लिए बनाए गए उस वीडियो पर एक पोस्ट है, जिसे चुनाव आयोग ने हटाने के निर्देश दिए हैं। इस वीडियो में एक व्यक्ति के घर पर जबरन कई सारे लोगों को घुसते हुए दिखाया गया है जो एक खास समुदाय के हैं।

> फेक नैरेटिव अभी देश से इतनी जल्दी खत्म होने वाले, बल्कि अब तो उनका विस्तार हो रहा है। जिहाद शब्द के प्रायोगिक बाजार में नया शब्द रेल जिहाद आया है, जो रेल दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। तिरुपति में प्रसाद के लड्डुओं की गुणवत्ता वापस लौट जाए, इसके लिए सभी गैर हिंदू कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। ऐसी मिसालें अभी और आएंगी। फिलहाल नरेन्द्र मोदी के अगले ट्वीट की प्रतीक्षा कीजिए।

खैर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट और नरेन्द्र मोदी के ट्वीट पर लौटते हैं। पाठकों को ध्यान होगा कि कर्नाटक चुनाव में द केरल स्टोरी का प्रचार प्रधानमंत्री ने किया था। उससे पहले द कश्मीर फाइल्स की मार्केटिंग प्रधानमंत्री ने की थी। श्री मोदी की अभिनय क्षमता के बहुत से लोग कायल हैं। भाषण देते-देते गले का अचानक रुंध जाना, किसी के कंधे पर हाथ रखकर अपनी संवेदना जताना, क्रोध, वात्सल्य, भक्ति आदि रसों का विभिन्न मौकों पर इस्तेमाल करना उन्हें अच्छे से आता है। इसलिए फिल्मों के लिए उनका रुझान चौंकाता नहीं है। लेकिन यहां बात वक्त के तकाजे की है। जैसे परीक्षा सिर पर हो और परीक्षार्थी फिल्में देखने, मनोरंजन या सैर-सपाटे में वक्त बिताए तो फिर परीक्षा को लेकर उसकी गंभीरता पर सवाल उठेंगे, साथ ही परिणाम को लेकर भी चिंता जाहिर होगी। ये भी मुमकिन है कि परीक्षा उतीर्ण करने के लिए भ्रष्ट तरीकों का सहारा लिया जाए। अब यही चिंता प्रधानमंत्री के रवैये से भी हो रही है। क्या कारण है कि मणिपुर पर प्रधानमंत्री ट्वीट नहीं करते, बयान नहीं देते, वहां के लोगों को हौसला नहीं बंधाते कि हालात सामान्य करने के लिए वे काम कर रहे हैं, मगर देश के मुश्किल वक्त में फिल्म के प्रचार में जुट जाते हैं। क्या चुनाव प्रचार से नरेन्द्र मोदी का मन नहीं भरता, जो वो वक्त निकाल कर फिल्म का प्रचार भी करते हैं। हालांकि आजकल इसके लिए बाकायदा प्रचार एजेंसियां काम करती हैं जिनके कहने पर फिल्म के कलाकार भी एक शहर से दूसरे शहर प्रचार के लिए के हैं। सोचने वाली बात ये है कि श्री मोदी आखिर किस एजेंसी या किन लोगों के कहने पर प्रचार करते हैं। अपने प्रचार ट्वीट में नरेन्द्र मोदी ने फेक नैरेटिव यानी झूठे कथानक गढ़ने का भी मुद्दा उठाया है और इस बात पर संतोष जाहिर किया है कि तथ्य हमेशा सामने आते हैं। तो क्या द साबरमती रिपोर्ट, फिल्म को कानून की कसौटी पर परखा गया है, क्या नरेन्द्र मोदी इसे ही सौ प्रतिशत सच कह रहे हैं, क्या फिल्म में जरा भी कल्पना का पुट नहीं है, जब नरेन्द्र मोदी प्रचार कर ही रहे हैं तो इन्हें सवालों के जवाब भी पता ही होंगे।

वैसे पाठकों को याद दिला दें कि गोधरा कांड पर ही बीबीसी ने भी एक वृत्तचित्र का निर्माण किया था, इंडिया : द मोदी क्वेश्चन। 2023 में दो हिस्सों में बने इस वृत्तचित्र में घटना से जुड़े और प्रभावित हुए कई लोगों की बातचीत दिखाई गई, लेकिन भारत में इस पर प्रतिबंध लगाया गया और अब मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। जाहिर है इस वृतचित्र में जो कुछ दिखाया गया है वह श्री मोदी की निगाह में फेक नैरेटिव रहा होगा और इसलिए उसे प्रतिबंधित किया गया। हालांकि यह देखकर इत्मीनान हुआ कि अब प्रधानमंत्री को भी कथानकों के गढ़ने और दुष्प्रचार के लिए झूठी खबरों पर चिंता हो रही है। जब साबरमती रिपोर्ट पर उन्होंने अपनी राय दी है तो उन्हें बिल्किस बानो के साथ की गई नाइंसाफी पर भी अपने विचार रखने चाहिए। यह भी बताना चाहिए कि बाबरी मस्जिद तोड़ने को जब अदालत ने अपराध बताया है तो उसी जमीन पर राम मंदिर बनाना न्याय है, फेक नैरेटिव है या आधा गिलास पानी और आधा हवा से भरे होने का पॉजिटिव एटीड्यूड है। झूठे कथानक की बात निकली है तो एक दिलचस्प मिसाल गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और अब उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पेश की है। लखनऊ में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में आनंदीबेन पटेल ने अपने भाषण में दावा किया कि वैदिक युग के ऋषि भारद्वाज ने विमान के विचार की कल्पना की थी लेकिन इसके आविष्कार का श्रेय राइट ब्रदर्स को गया। आनंदीबेन ने ये भी कहा कि रावण का छोटा भाई कुंभकर्ण छह महीने सोता नहीं था, बल्कि वो मशीनें बनाता था और इसकी जानकारी बाहर न जाए, इसलिए रावण के आदेश पर छह महीने अपने कक्ष से बाहर नहीं निकलता था। आनंदीबेन ने कुंभकर्ण को 'टेक्नोक्रेट' कहा। अब संघ, भाजपा और सनातन धर्म के तमाम रक्षकों के सामने उलझाने वाला सवाल यह है कि टेक्नोक्रेट कुंभकर्ण को हर साल दशहरे पर रावण के साथ जलाने की व्याख्या कैसे की जाए। क्या यह माना जाए कि इस तरह हम अपनी वैज्ञानिक चेतना और सोच को दहन करते जा रहे हैं। क्या यही वजह है कि प्रधानमंत्री गणेशजी की प्लास्टिक सर्जरी का दावा करें और आनंदीबेन पटेल राइट ब्रदर्स को हवाई जहाज बनाने और उड़ाने का श्रेय दिए जाने पर सवाल उठाएं।

खैर, फेक नैरेटिव अभी देश से इतनी जल्दी खत्म होने वाले, बल्कि अब तो उनका विस्तार हो रहा है। जिहाद शब्द के प्रायोगिक बाजार में नया शब्द रेल जिहाद आया है, जो रेल दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। तिरुपति में प्रसाद के लड्डुओं की गुणवत्ता वापस लौट जाए, इसके लिए सभी गैर हिंदू कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। ऐसी मिसालें अभी और आएंगी। फिलहाल नरेन्द्र मोदी के अगले ट्वीट की प्रतीक्षा कीजिए।

# धधक रहा है मणिपुर... बुझाए कौन?

■ राधा रमण

मणिपुर में हिसा की मौजूदा घटना कोई नया नहीं है। पिछले डेढ़ साल (566 दिन) से यह प्रदेश हिंसा की लपटों में धधक रहा है और केंद्र तथा राज्य की सरकार मौन ओढ़े हुए हैं। सरकारी आँकड़ों पर भरोसा करें तो छोटे से उस राज्य में हिंसा की घटनाओं में अब तक 220 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कई महिलाओं की आबरू लूटी गई और हजारों करोड़ की संपत्ति आग के हवाले कर दी गई। बता देना जरूरी है कि मणिपुर में भाजपा की चुनी हुई सरकार है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरकार असहाय दिखाई देती है। आम लोगों की कौन कहे मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के सरकारी आवास और पैतृक घर पर दो बार हमला और आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। आबादी के लिहाज से देखें तो मणिपुर में मैतेई, कुकी और नगा का वर्चस्व है। राज्य में सर्वाधिक आबादी मैतेई समुदाय की है। उनकी संख्या लगभग 65 फीसदी है, जबकि कुकी और नगा मिलाकर कुल आबादी का 35 फीसदी हैं। समुदायों के बीच टकराव मणिपुर के लिए नया नहीं है। 90 के दशक में मणिपुर में कुकी और नगा समुदाय के बीच संघर्ष हुआ था। तब सैकड़ों लोगों की जान गई थी। बड़ी मुश्किल से तब हिंसा की आग बुझाई जा सकी थी।

> मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुंचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागूकर दिया है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की मांग की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।

वर्तमान में मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष छिड़ा है। इसका कारण मैतेई समुदाय की आरक्षण की मांग है। मैतेई काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे हैं। चूंकि मणिपुर की पहाड़ियों पर बसने वाले कुकी और नगा समुदाय के लोग अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल हैं और उन्हें इसका लाभ भी मिलता रहा है लेकिन मैतेई इस लाभ से वंचित हैं। यही वजह है कि मैतेई समुदाय के लोगों ने आरक्षण की मांग को तूल दिया। जबकि कुकी और नगा समुदाय के लोगों का कहना है कि मैतेई समुदाय के लोगों की पहले से विकास योजनाओं में अधिक भागीदारी रही है और उन्हें इसका लाभ मिलता रहा है। इसलिए उनके लिए अलग से आरक्षण की मांग बेमानी है। अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण का लाभ मिला तो वे राज्य के संसाधनों के साथ-साथ सरकारी नौकरियों पर भी काबिज हो जाएंगे। ऐसे में कुकी समुदाय के लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो जाएगी। इस विवाद ने तूल उस समय पकड़ लिया जब मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया कि वह मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे। इससे पहले कि राज्य सरकार केंद्र को मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने का प्रस्ताव भेजती कुकी समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए। मैतेई समुदाय के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो सड़कों पर हिंसा का रौरव तांडव शुरू हो गया।

इसके अलावा मणिपुर में हिंसा की दूसरी वजह का वह कानून है जिसमें कहा गया है कि मैतेई समुदाय के वह लोग जो घाटी में बसे हैं वह पहाड़ी इलाकों में न तो घर बना सकते हैं और न ही जमीन खरीद सकते हैं। इसके उलट कुकी और नगा समुदाय के लोग घाटी में जमीन खरीद सकते हैं और घर बनाकर बस भी सकते हैं। मैतेई समुदाय के लोग इसका पहले से विरोध करते रहे हैं। वह एक राज्य एक कानून के तहत पहाड़ियों पर जमीन की खरीद का अधिकार चाहते रहे हैं।

मणिपुर की उस जघन्य घटना से पूरा देश मर्माहत और शर्मसार है जिसे पिछले साल 4 मई को अंजाम दिया गया था। उस घटना में दो महिलाओं को कपड़े उतारकर सड़कों पर घुमाया गया, सरेआम पीटा गया और गैंगरेप किया गया था। हैरत की बात यह कि इंसानियत को शर्मसार करने वाले उस घटना के दरिंदों पर कार्रवाई करने, पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की बजाय सरकारी मशीनरी ने उस घटना को ही छुपा लिया।

तब से लेकर आज तक मणिपुर लगातार सुलगता रहा है। बीच-बीच में हिंसक झड़पों की रिपोर्ट आती रहती है। राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। बल्कि यह कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि मणिपुर के हालात पर पर्दा डाला जाता रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद के भीतर और बाहर कई दफा प्रधानमंत्री से मणिपुर मामले में हस्तक्षेप करने और वक्तव्य देने की मांग की। राहुल मणिपुर के शरणार्थी कैंप भी गए और उसमें रह रहे लोगों से बातचीत की।

मणिपुर में हिंसा की ताजा वारदात 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 10 बंदूकधारी उग्रवादियों के मारे जाने के बाद हुई। कुकी समुदाय ने मारे गए लोगों को विलेज गार्ड बताया और मुठभेड़ के जिम्मेदार सुरक्षाबलों पर कार्रवाई की मांग की। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि उसी दिन जिरीबाम से दो महिलाओं समेत 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया। अपहरण का आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगाया गया। इसमें एक महिला जो तीन बच्चों की मां थी, सामूहिक दरिंदगी कर उसके शरीर में कीलें ठोंक दी गई और उसके शरीर को आग के हवाले कर दिया गया। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाले इस घटना से डॉक्टर भी हैरान हैं।

केंद्र सरकार ने मणिपुर के पांच जिलों इंफाल पूर्व और पश्चिम, थोबल, विष्णुपुर और काकचिंग में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है और सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया है।

मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुंचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागूकर दिया है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की मांग की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।

उधर, मणिपुर सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर राज्य से अफस्पा हटाने की मांग की है। देखना जरूरी होगा कि मणिपुर पर केंद्र सरकार आगे क्या कदम उठाती है। फिलहाल तो मणिपुर धधक रहा है और प्रधानमंत्री नाइजीरिया का सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।



## ललित सुरजन की कलम से

### सम-विषम : सफल प्रयोग, आगे क्या?

*प्रदूषण के दैत्य से दिल्लीवासियों को बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल को दीर्घकालीन व स्थायी उपायों पर विचार करने की आवश्यकता है। सच तो यह है कि यह समस्या न तो सिर्फ श्री केजरीवाल की है और न सिर्फ दिल्लीवासियों की। भारत सरकार के अलावा विभिन्न राज्यों की सरकारों व सभी पार्टियों को इस बारे में मिल-बैठ कर सोचने की आवश्यकता है। सत्तारूढ़ भाजपा व प्रमुख विपक्ष कांग्रेस पर तो इसका मुख्य दायित्व तो है ही; समस्या के वैज्ञानिक व तकनीकी पक्ष को समझने वाले विशेषज्ञों को भी विचार और निर्णय की प्रक्रिया में शामिल करने से ही आगे का रास्ता निकलेगा। एक उदाहरण दिया जा सकता है। दिल्ली में ही प्रदूषण कम करने के लिए बसों में डीजल की जगह सीएनजी उपयोग करने हेतु सीएसई ने सुप्रीम कोर्ट तक जाकर लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की। इसका लाभ लंबे समय तक दिल्ली को मिला। दिल्ली साइंस फोरम जैसी संस्थाएं भी इस दिशा में निरंतर काम कर रही हैं। प्रोफेसर दिनेश मोहन व सुनीता नारायण जैसे विशेषज्ञों की सेवाएं लेना हर तरह से लाभकारी है।*

*अभी जैसे एक बात उठी कि कार से जितना वायु प्रदूषण होता है उससे कई गुना अधिक सड़कों पर उडने़ वाली धूल से होता है। बात दुरुस्त है। लेकिन इस बात पर किसी ने गौर नहीं किया कि वाहनों की तेज रफ्तार के कारण सड़क पर जो घर्षण होता है उससे सीमेंट और डामर के जो कण उड़ते हैं वे ही बड़ी सीमा तक धूल में बदल जाते हैं। आशय यह कि यदि सड़कों पर गाडियां कम हैं तो धूल भी उतनी ही कम उड़ेगी। इसे विस्तारपूर्वक समझना हो तो किसी विशेषज्ञ के पास ही जाना होगा। इसी तरह डीजल की बात है। डीजल वाहनों से धुआं भी अधिक उड़ता है और उससे कैंसर का खतरा भी बढ़ता है। यूरोप में डीजल कारों के लिए जो पैमाने लागू हैं वे भारत में नहीं हैं। यूरोपीय मानक हासिल करने के लिए क्या करना पड़ेगा, नीति निर्धारकों को यह बात भी समझना होगी।*

**(देशबन्धु में 21 जनवरी 2016 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/01/blog-post_20.html

## पावन प्रसंग

### असली आस्तिकता

सोमनाथ से 50 किलोमीटर दूर एक गांव में एक ब्राह्मण निवास किया करते थे। वे बड़े ही दयालु और उदार थे। आशुतोष नामक उस ब्राह्मण ने बड़ा कठोर तप किया था। एक दिन शिवरात्रि का महापर्व था। आशुतोष वैसे तो नित्य रुद्राभिषेक करते ही थे, पर शिवरात्रि के दिन उन्होंने त्रिकाल रुद्राभिषेक संपन्न किया। बड़ी श्रद्धा भक्ति से उस दिन उन्होंने भगवान महादेव का ध्यान किया।

उस दिन रात्रि 10 बजे से प्रातः 3 बजे तक आशुतोष भगवान महादेव के ध्यान में ही डूबे रहे। उसके बाद विश्राम करते हुए वे गहरी निद्रा में चले गए। उनकी यह निद्रा भी मानो एक योगनिद्रा के समान ही थी। ध्यानाभ्यास से जब चित्तशुद्धि हो जाती है तब व्यक्ति का सोना-जागना सब ध्यान ही बन जाता है। उसके हर श्वांस के माध्यम से अजपा जप स्वयमेव होने लगता है। योगनिद्रा की उसी अवस्था में आशुतोष ने एक दिव्य स्वप्न देखा। उन्होंने देखा भगवान महादेव कह रहे हैं- 'हे भक्त! तुम्हारी भक्ति से मैं अति प्रसन्न हूं। बोलो, तुम्हें क्या चाहिए?'

भगवान महादेव के उस दिव्य रूप का दर्शन कर आशुतोष आह्लादित व आनंदित हो उठे। उनके नेत्रों से प्रेमाश्रुओं की धारा बहने लगी। उन्होंने आंसुओं से भगवान महादेव के चरण धोए और उन्हें प्रणाम करते हुए बोले- 'भगवन, आपने मुझे अपने दिव्य स्वरूप का दर्शन राया, इससे बढ़कर भला दूसरा सौभाग्य क्या हो सकता है? हे भगवन मैं कभी भी आपको भूलूं नहीं। संसार की कोई भी चीज मुझे आपसे अधिक प्रिय न हो व मैं सदा आपके चरणों का दास बना रहूं, मुझे यही आशीष प्रदान कीजिए।'

भगवान भोलेनाथ भक्त के इस भोलेपन को देख अति प्रसन्न हुए और बोले- 'तुम यदि मेरी सचमुच सेवा करना चाहते हो, तो लोक-कल्याण का कार्य करो। हर जीव में शिव का दर्शन करो। जीवसेवा ही शिवसेवा है-इस सत्य को हमेशा याद रखना और अपने ज्ञान से जन-जन को सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना।' इतना कहकर भगवान शिव अंतर्ध्यान हो गए और इधर आशुतोष की आंखें खुल गईं। सवेरा होने पर आशुतोष ने सारी बातें अपनी पत्नी ललिता को बताईं। दोनों आनंदित व आह्लादित हुए।

अगले दिन दोनों सोमनाथ भगवान के ज्योतिर्लिंग रूप का उन्होंने दर्शन किया, साथ ही शिव संकल्प भी किया कि उस दिन से सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन की पीड़ा निवारण हेतु जनजागरण की शुरुआत करेंगे। आगे चलकर आशुतोष के एक पुत्र व एक पुत्री हुए। दोनों ही बड़े संस्कारवान थे। संस्कार तो मानो उन्हें अपने माता-पिता से विरासत में मिले थे। नित्य जप, तप, ध्यान, सत्संग, पाठ के कारण घर एक मंदिर का रूप ले चुका था। देखते ही देखते उनके गांव के हर घर में यज्ञ, जप, ध्यान, पाठ होने लगे और इस प्रकार पूरे गांव का वातावरण बड़ा ही दिव्य और अलौकिक हो उठा।

गांव के सभी लोग बड़े प्रेम से मिलजुल कर रहते, दुख की घड़ी में सभी एक-दूसरे का सहयोग करते, सामूहिक श्रमदान से गांव को स्वच्छ रखते। धीरे-धीरे पूरे गांव में संस्कारशाला, व्यायामशाला व वाचनालय प्रारंभ हो गए। आशुतोष प्रकृतिप्रेमी होने के साथ-साथ औषधीय पौधों का भी ज्ञान रखते थे, सो उन्होंने गांव के हर घर में औषधीय पौधे ही लगवाए, जैसे तुलसी, नीम, पीपल, आंवला आदि और देखते ही देखते वह गांव आदर्श गांव में तब्दील हो गया।

वास्तव में यही है असली आस्तिकता। जीव मात्र की सेवा ही शिवसेवा है। जो भगवान को सिर्फ मूर्तियों में, मंदिरों, मस्जिदों व गिरजाघरों में देखते हैं उनकी पूजा, चिह्न पूजा मात्र है, पर जो भगवान को कण-कण में, घर-घर में, हर जीवन में देखते व उनकी सेवा करते हैं, उनकी पूजा ही असली पूजा है। हम भी क्यों न जीवसेवा के द्वारा शिवसेवा प्रारंभ कर दें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### सुरक्षा के साथ संवाद भी अत्यंत महत्वपूर्ण

मणिपुर में 565 दिनों से जारी जातीय हिंसा की आंच शासन तक पहुंच गई है। आंदोलनकारियो ने राज्य में जिस तरह मंत्री और विधायकों के घर आग के हवाले किए हैं उससे हालातो की गंभीरता समझी जा सकती है। मुख्यमंत्री हिंसा रोकने में बुरी तरह नाकाम रहे हैं। केंद्र सरकार अतिरिक्त सुरक्षा बल भेज कर हिंसा रोकने का प्रयास तो कर रही है पर बड़ी आवश्यकता संघर्षरत जातीय समुदायों में सामंजस्य बिठाने की है जो विवाद की असली जड़ है। अगर जल्द ही हालात काबू में ना आए तो ही वहां सरकार को संवैधानिक कदम उठाने ही होंगे भले ही राज्य में उसकी सरकार हो।

मणिपुर लगातार अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। कल तक का कुकी-मैतेई जारी संघर्ष अब शासन को भी अपनी चपेट में लेता दिख रहा है। दो दिनों में तीन मंत्रियों सहित नौ विधायकों के घर पर आगजनी और हमले हो चुके हैं। राज्य के हालात बड़े विस्फोटक प्रतीत होते हैं। पुलिस थानों से लूटे हथियार और म्यांमार सीमा से आते शस्त्रों से आंदोलन रक्तरंजित हो चुका है। इस बीच केंद्र सरकार ने बड़ी मात्रा में अर्ध सैनिक बलों की तैनाती करके स्थिति काबू में लाने की कोशिश की है मगर फिर भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। जल्द ही राज्य में 4000 सीआरपीएफ के जवान की तैनाती के साथ ही 24 घंटे ऑल आउट ऑपरेशन शुरू किया जा रहा है। आज के हालातों के मद्देनजर राज्य में जितनी सख्ती से और जल्द कोई कदम उठाया जाए वह कमतर ही होगा क्योंकि आंदोलन लंबे समय से चल रहा है और प्रदर्शनकारी अपने ठिकाने बना चुके हैं ऐसे में इनको ढूंढ-ढूंढ कर कानून की भाषा समझाना कठिन होगा। जैसे भी हो सरकार राज्य को शांति लौटाने के जल्द प्रयास करें ताकि निर्दोष हत्या, आगजनी का सिलसिला थम सके। यदि फिर भी हालात काबू में न आए तो केंद्र सरकार को बेहिचक संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करना चाहिए भले ही राज्य में उनकी ही सरकार हो। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर जनता की सुरक्षा और उनकी जान माल की रक्षा अहम है।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

# खेल जगत

## खेलों में हार-जीत से ज्यादा खेल भावना अहम: मंडाविया

**गया।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने आज कहा कि खेलों में हार-जीत से ज्यादा खेल भावना अहम है।राजगीर के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में वीमेंस एशिया हॉकी फाइनल से पहले केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गया पहुंचे, जहां उन्होंने शहर के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में माथा टेका। उन्होंने तुलसी अर्चना कर भारत के विजयी होने की प्रार्थना की इसके बाद दोनों ने फल्गु नदी पर बने रबर डैम का भी निरीक्षण किया। केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना है कि जब भारत 2047 में अपनी आजादी के शताब्दी वर्ष का जश्न मना रहा होगा, तब देश खेल जगत में दुनिया के शीर्ष-5 देशों में शामिल हो, इसके लिए खेलो इंडिया प्रोजेक्ट के तहत जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को पहचान कर उन्हें विश्वस्तरीय कोचिंग दी जा रही है।



# विराट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिखाना होगा अपना असली अवतार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विराट कोहली भले ही अपने अभी फिलहाल अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म न दिख रहे हों लेकिन बावजूद इसके उनके ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई अखबारों के खेल पन्नों में वही छाए हुए हैं। विराट ने अपने नाम के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 'विराट' रिकॉर्ड बनाए हैं। विराट ने खुद के लिए इतने 'विराट' पैमाने बनाए हैं उससे जरा भी कुछ कमतर होता है तो फिर उनकी आलोचना होने लगती है। विराट टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन अभी टेस्ट और वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। 36 बरस के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली का ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज खेलने जाने से पहले रंग में न होना भारत के लिए चिंता का सबब है। पिछली कुछ टेस्ट सीरीज से शीर्ष क्रम में विराट कोहली जैसे नाकाम रहे भारतीय दिग्गज ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ टेस्ट सीरीज कसौटी पर होंगे। सच तो विराट खुद की छाया नजर नजर आ रहे हैं। ऐसे में विराट के आलोचकों ने कहना शुरू कर दिया है कि उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की सांझ की दस्तक देने लगी है। इस पर दिल से नहीं दिमाग से सोचेंगे पाएंगे कि यह सत्य नहीं है।

■ विराट अपनी फिटनेस के बूते कम से कम तीन बरस और टेस्ट और वन डे क्रिकेट खेल सकते हैं

वह अपनी फिटनेस के बूते कम से कम तीन बरस और टेस्ट और वन डे क्रिकेट खेल सकते हैं। विराट कोहली अब क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टेस्ट में 29, वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50 और टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच में एक) में कुल 538 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल कर सचिन तेंदुलकर (कुल 664 अंतरराष्ट्रीय मैच 100 शतक, 51 टेस्ट, 49 वन डे इंटरनेशनल) के बाद कुल 80 शतक जड़ सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने में दूसरे नंबर पर है। भारत को ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हरा पांच टेस्ट की सीरीज जीत डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखनी है तो विराट कोहली को अपना असल अवतार दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ही आज उसके अखबारों में बतौर क्रिकेट समीक्षक अपने खेल स्तंभों के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के साथ भारतीय बल्लेबाजों की खामियों ही बता उन पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। विराट के ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर ही उसके अखबारों ने विराट के क्रिकेट कौशल की बजाय इस बात की चर्चा ज्यादा की है कि उन्होंने बीते पांच बरस में मात्र दो शतक जड़े हैं और उनकी औसत टेस्ट में औसत 55 से कम हो करीब 48 ही रह गई है। यह भारत की खुशकिस्मती है कि विराट जब मात्र 23 बरस की उम्र में सबसे पहले 2012 में ऑस्ट्रेलिया में पहली टेस्ट सीरीज खेलने गए तो वह मुश्किल हालात में अपनी अलग छाप छोड़ने में कामयाब रहे थे। विराट कोहली ने 2024 में छह टेस्ट में दो अर्द्धशतक सहित कुल 250 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने अपने आदर्श दुनिया के सर्वकालिक बल्लेबाजों में एक भारत के सचिन तेंदुलकर की तरह ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ छह टेस्ट शतक जड़े हैं जबकि उन्होंने यह कारनामा 13 टेस्ट खेल कर किया वहीं सचिन ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 20 टेस्ट खेलने पड़े।

## कोहली अपने खेलने के तरीके को लेकर जुनूनी हैं: पोंटिंग



**पर्थ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले, रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कोहली एक महान क्रिकेटर हैं और खेल के प्रति बेहद भावुक हैं। इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया में भी उन्हें बहुत सम्मान मिलता है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा कि कोहली एक स्टार हैं, एक सुपरस्टार हैं। वह काफी समय से खेल के सुपरस्टार रहे हैं। वह जिस तरह से खेलते हैं, उसके प्रति बहुत भावुक हैं। वह अपनी टीम के प्रति भी बहुत भावुक हैं। वह जीतना चाहते हैं और दिल से खेलते हैं। ऐसे ही सुपरस्टार खिलाड़ी दुनिया भर में उत्साह पैदा करते हैं। स्टीव स्मिथ जब इंग्लैंड जाते हैं तो उन्हें स्टेडियम में आते ही लोग सीटी बजाते हैं। ये सब अंतर्राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा है। हालांकि, इस साल कोहली का टेस्ट मैचों में औसत सिर्फ 22.72 रहा है, जो उनके ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट औसत 54.08 और करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में कई शानदार शतक लगाने के बाद, उम्मीद है कि वह आगामी 5 मैचों की सीरीज में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। पोंटिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के लिए बल्लेबाजी का दारोमदार संभालेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने देखा था कि रवि शास्त्री ने पिछली बार एक ऐसे इंसान के बारे में बात की थी जो ऑस्ट्रेलिया में सभी गेंदों का सामना करना चाहता था। यही आप अपने लीडर और स्टार खिलाड़ियों से उम्मीद करते हैं।

# आईपीएल नीलामी में पंत की कीमत 25-28 करोड़ के आसपास होगी: उथप्पा



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की राय जाहिर की। मुझे लगता है कि ऋषभ पंत आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने दावा किया है कि आगामी आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की बोली 25-28 करोड़ के बीच होगी।

दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन न किए जाने के बाद, पंत सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली नीलामी में शामिल हाई-प्रोफाइल भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीलामी में उनके होने से, पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमों द्वारा उन पर भारी बोली लगाए जाने की उम्मीद है। उथप्पा ने जियोसिनेमा पर कहा कि मुझे लगता है कि ऋषभ पंत को 25-28 करोड़ के आसपास में खरीदा जाएगा। उन्हें निश्चित रूप से बड़ी रकम मिलेगी और वे इस नीलामी में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले खिलाड़ी बनेंगे। पंत को इतनी कीमत पर खरीदना देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि मुझे लगता है कि पंजाब किंग्स उन्हें खरीदना चाहेगी और आरसीबी भी उन्हें नेतृत्व की भूमिका और विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर खरीदना चाहेगी। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की राय जाहिर की। मुझे लगता है कि ऋषभ पंत आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। अगर पंत और पंजाब किंग्स के बीच अच्छा तालमेल है, तो वे उन्हें खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, नहीं तो आरसीबी ऋषभ पंत के लिए सबसे संभावित जगह बन जाएगी। लेकिन मेरा मानना है कि अन्य टीमें भी पंत के लिए बोली लगाएंगी। इस मेगा नीलामी में भारतीय खिलाड़ी सबसे ज्यादा बिकने वाले हैं। उथप्पा को यह भी लगता है कि डीसी श्रेयस अय्यर को वापस खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेगी, जो 2015 से 2021 तक फ्रेंचाइजी के साथ थे। डीसी श्रेयस अय्यर के लिए कड़ी मेहनत करेगी, और उन्हें 15-20 करोड़ के ब्रैकेट में जाना चाहिए, और डु प्लेसिस को 10 करोड़ से ऊपर। नेहल वढेरा और आशुतोष शर्मा जैसे भारतीय युवा खिलाड़ी किसी भी टीम की सफलता का एक बड़ा हिस्सा और कारण हैं, और आप चाहते हैं कि वे वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करें। मुझे लगता है कि वे प्रत्येक 8 करोड़ से ऊपर जाएंगे। चोपड़ा ने उल्लेख किया कि युवा ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क को आईपीएल 2024 में डीसी के साथ शानदार ओपनिंग के बाद पंजाब किंग्स द्वारा लिया जा सकता है। रिकी पोंटिंग के पंजाब किंग्स के साथ होने के कारण, मुझे लगता है कि वे जेक फ्रेजर-मैकगर्क को लक्षित करेंगे, और वे उन्हें लेने के लिए उत्सुक होंगे।

# गिल की भागीदारी पर फैसला मैच की सुबह लिया जाएगा : मोर्कल



**पर्थ,** 21 नवम्बर (एजेंसियां) भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि चोटिल शुभमन गिल की पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में भागीदारी पर फैसला 22 नवंबर को पर्थ स्टेडियम में शुरू होने वाले मैच की सुबह लिया जाएगा। 16 नवंबर को पर्थ के वाका में भारत के मैच सिमुलेशन अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन में कैच लेते समय गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। भारत ने बैक-अप विकल्प के रूप में बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को भी शामिल किया है। मोर्कल ने प्री-सीरीज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शुभमन दिन-प्रतिदिन बेहतर हो रहे हैं। हम टेस्ट मैच की सुबह तक उनके साथ फैसला करेंगे। उन्होंने बिल्ड-अप (चोट से पहले) के दौरान मैच सिमुलेशन में अच्छा प्रदर्शन किया, इसलिए उम्मीद है कि वह सफल होंगे, मुंबई में अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद रोहित शर्मा पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए उनकी अनुपस्थिति में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भारत की कप्तानी करेंगे, जिससे टेस्ट मैचों में तेज गेंदबाजी कप्तानों के बीच बहुत ही दुर्लभ टकराव की स्थिति पैदा हो गई है।

# हार्दिक फिर से बने नंबर 1 टी-20 ऑलराउंडर, तिलक तीसरे नंबर पर पहुंचे



**दुबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने आईसीसी पुरुष टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। इस बीच, उभरते हुए सितारे तिलक वर्मा ने बुधवार को आईसीसी द्वारा नवीनतम रैंकिंग अपडेट जारी किए जाने के बाद शीर्ष 10 बल्लेबाजों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया है। दक्षिण अफ्रीका में भारत की 3-1 से सीरीज जीत के दौरान पांड्या के लगातार प्रदर्शन ने उन्हें प्रशंसा दिलाई है। दूसरे टी20 में उनके नाबाद 39 रन ने भारत की पारी को स्थिर किया, जबकि निर्णायक चौथे मैच के दौरान तीन ओवरों में 1/8 का उनका किफायती स्पैल सीरीज को सील करने में महत्वपूर्ण रहा। यह पांड्या का नंबर 1 टी20 ऑलराउंडर के रूप में दूसरा कार्यकाल है, इससे पहले उन्होंने इस साल की शुरुआत में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के बाद रैंकिंग हासिल की थी। भारत के प्लेयर ऑफ द सीरीज तिलक भी एक और बेहतरीन खिलाड़ी रहे। युवा बल्लेबाज ने दो शतक बनाए और पूरी सीरीज में 280 रन बनाए, जिससे वह टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 69 पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। वह अब भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले टी20 बल्लेबाज हैं, जिन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ दिया, जो चौथे स्थान पर खिसक गए। भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले एक और खिलाड़ी संजू सैमसन ने उसी सीरीज में दो शतक लगाने के बाद टी20आई बल्लेबाजों की सूची में 17 पायदान चढ़कर 22वां स्थान हासिल किया। रैंकिंग अपडेट में दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (23वें) और हेनरिक क्लासेन (59वें) को भी

■ भारत के प्लेयर ऑफ द सीरीज तिलक भी एक और बेहतरीन खिलाड़ी रहे

फायदा हुआ। टी20 बल्लेबाजों की सूची में श्रीलंका के दाएं हाथ के कुसल मेंडिस और वेस्टइंडीज के हार्ड-हिटर शाई होप को भी फायदा हुआ है, जबकि ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में अर्द्धशतक लगाने के बाद 10 पायदान ऊपर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# चाइना मास्टर्स : सिंधु, लक्ष्य सेन, मालविका बंसोड़ दूसरे दौर में पहुंचे

**शेन्ज़ेन ( चीन ),** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के बैडमिंटन सितारे पी.वी. सिंधु, लक्ष्य सेन और मालविका बंसोड़ बुधवार को यहां बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स के दूसरे दौर में



पहुंच गए। पुरुष एकल में, लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले की याद में मलेशिया के ली ज़ी जिया के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इस बार, भारतीय खिलाड़ी ने 57 मिनट में 21-14, 13-21, 21-13 से जीत दर्ज की। इस जीत ने लक्ष्य की पेरिस खेलों के बाद से लगातार चार टूर्नामेंटों में जीतरहित रहने का सिलसिला खत्म कर दिया और अब उन्हें डेनमार्क के रासमस गेम्के या जापान के केंटा निशिमोतो के खिलाफ राउंड-ऑफ-16 में कड़े मुकाबले का सामना करना होगा। मालविका बंसोड़ ने भी प्रभावित किया, डेनमार्क की लाइन केजर्सफेल्ड के खिलाफ एक घंटे 14 मिनट तक

■ हम जुनून के साथ खेलते हैं, और हम अपने देश का प्रतिनिधित्व बहुत गर्व के साथ करते हैं

चले रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। भारतीय शटलर ने शानदार धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाते हुए एक करीबी मुकाबले में 20-22, 23-21, 21-16 से जीत हासिल की। अगले दौर में उनका सामना थाईलैंड की सुपनिडा कटेथोंग से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 50 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हराकर अपना दबदबा दिखाया।

## मार्टिनेज के गोल से अर्जेंटीना ने पेरू को हराया

**ब्यूनस आयर्स ( अर्जेंटीना ),** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। लॉटारो मार्टिनेज के दूसरे हाफ में किए गए शानदार गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने विश्वकप क्वालीफायर में पेरू 1-0 से हराया। खेले गये मुकाबले में इंटर मिलान के इस फॉरवर्ड ने 55वें मिनट में लियोनेल मेस्सी के क्रॉस पर बाइसिकल किक लगाकर गोल किया। इसी के साथ क्वालीफाइंग मुकाबले में अर्जेंटीना की अपनी आठवीं जीत दर्ज की। अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि पेरू अब तक सात अंकों के साथ अंतिम स्थान पर है। मैच के बाद मार्टिनेज ने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हुई कि हमने साल का अंत सकारात्मक तरीके से और लीडर के रूप में किया है। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत रूप से एक शानदार वर्ष रहा है, लेकिन मैं हर दिन सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहता हूं। वहीं ब्राजील और उरूग्वे के बीच खेला गया मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। उरूग्वे के लिए फेडरिको वाल्वेर्डे ने पहला गोल दागा अपनी टीम को बढ़त दिलाई थी।

# ब्लाइंड टी-20 विश्व कप से हटा भारत

**बेंगलुरु,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में 22 नवंबर से 3 दिसंबर, 2024 तक होने वाले चौथे टी20 ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप से भारत के हटने के बाद, कप्तान दुर्गा राव टोमपाकी ने टीम की भावना को व्यक्त किया, जिसमें उनके जुनून, गर्व और भविष्य के



अवसरों के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया।

यह निर्णय, बीसीसीआई द्वारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सूचित किए जाने के एक सप्ताह बाद आया है कि भारत सरकार से मंजूरी न मिलने के बाद अगले साल की शुरुआत में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। हालांकि यह टीम के लिए एक बड़ा झटका है, सीएबीआई सरकार की चिंताओं और उसी के लिए निर्णय का पूरा सम्मान करता है। टीम कठोर प्रशिक्षण ले रही थी और प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक थी। हालांकि, हम सरकार के मार्गदर्शन को प्राथमिकता देते हैं और भारत में ब्लाइंड क्रिकेट

■ हम जुनून के साथ खेलते हैं, और हम अपने देश का प्रतिनिधित्व बहुत गर्व के साथ करते हैं

एसोसिएशन के निरंतर विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ हैं। हम जुनून के साथ खेलते हैं, और हम अपने देश का प्रतिनिधित्व बहुत गर्व के साथ करते हैं। हम हमेशा सबसे बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तत्पर रहते हैं, और इस अवसर को चूकना निराशाजनक है। हालांकि, हम जानते हैं कि अगला विश्व कप बस आने ही वाला है, और हम अपने प्रशिक्षण और तैयारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान दुर्गा राव टोमपाकी ने कहा कि हमने एक सफल कोचिंग कैंप आयोजित किया है।

# जॉनसन ने वार्नर के साथ मतभेद को दूर करने की इच्छा जताई



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन ने भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए कमेंटेटर के रूप में अपनी भूमिका से पहले पूर्व टीम साथी डेविड वार्नर के साथ तनाव को दूर करने की इच्छा व्यक्त की है।

■ जॉनसन ने किसी भी तरह की दुश्मनी को कमतर बताया, और पेशेवरता पर जोर दिया

जॉनसन ने पिछले साल वार्नर के 'विदाई समर' की आलोचना की थी, जिसमें उन्होंने सवाल उठाया था कि एक 'संघर्षरत टेस्ट ओपनर' को अपनी सेवानिवृत्ति की समयसीमा तय करने की अनुमति क्यों दी गई। उनकी टिप्पणियों ने अनसुलझे मतभेदों के बारे में अटकलों को हवा दी, खासकर पाकिस्तान के खिलाफ एससीजी में अपने अंतिम टेस्ट से पहले वार्नर के अस्थिर प्रदर्शन के बाद।

हालांकि, बुधवार को पर्थ में बोलते हुए, जॉनसन ने किसी भी तरह की दुश्मनी को कमतर बताया, और पेशेवरता पर जोर दिया। जॉनसन को द नाइटली ने यह कहते हुए उद्धृत किया, हम वयस्क हैं। आप आगे बढ़ते हैं। हम अपना जीवन जीते हैं, और हम सभी किसी न किसी मोड़ पर एक-दूसरे से मिलते हैं। मेरे दृष्टिकोण से, मैं एक वयस्क हूँ, वह एक वयस्क है। आप कहते हैं, 'गुडडे', और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। मैं उस पूरी स्थिति से बहुत ज़्यादा नहीं लेता। जॉनसन ने कमेंटेटर के रूप में वार्नर की क्षमता की प्रशंसा की, उन्होंने भविष्यवाणी की कि उनकी अनफ़िल्टर्ड शैली खेल में नई अंतर्दृष्टि ला सकती है। यह अब हमारे बारे में नहीं है, हम कमेंट्री बॉक्स में हैं - हम अंतर्दृष्टि देने के लिए वहां हैं। वह हमेशा उन पात्रों में से एक होने जा रहा है जो कठिन काम करते हैं और जो महसूस करते हैं उसे कहते हैं। एक कमेंटेटर के रूप में, आप चाहते हैं कि लोग राय दें। वह अब एक पूर्व खिलाड़ी है, और मुझे लगता है कि उसे यह जानकारी देने में सक्षम होना चाहिए।

पिछले साल वेस्ट ऑस्ट्रेलियन में अपने विवादास्पद कॉलम में, जॉनसन ने न केवल वार्नर की सेवानिवृत्ति की घोषणा की आलोचना की, बल्कि कुख्यात सैंडपेपरगेट कांड में बल्लेबाज की भूमिका पर भी फिर से विचार किया। उन्होंने लिखा था, हालांकि वार्नर सैंडपेपरगेट में अकेले नहीं थे, लेकिन उस समय वह टीम के एक वरिष्ठ सदस्य थे और एक ऐसे व्यक्ति थे जो अपनी कथित शक्ति का उपयोग 'नेता' के रूप में करना पसंद करते थे।

## एएफसी एशियाई क्वालीफायर : यूएई की कतर के खिलाफ 5-0 की ऐतिहासिक जीत

**अबू धाबी,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हेड कोच पाउलो बेंटो ने एएफसी एशिया कप क्वालीफायर रोड टू 26 ग्रुप ए मैच में कतर पर अपनी टीम की 5-0 की शानदार जीत का श्रेय पूरी तैयारी को दिया। फैबियो लीमा ने पहले हाफ में हैट्रिक सहित चार गोल करके यूएई को ग्रुप में तीसरे स्थान पर पहुंचने में मदद की, जिससे वे ईरान और उज्बेकिस्तान के करीब पहुंच गए। एएफसी वेबसाइट ने बेटों के हवाले से कहा कि हमने कतर का सामना करने के लिए अच्छी तैयारी की, क्योंकि हम जानते थे कि उनके पास बेहतरीन खिलाड़ियों और उच्च स्तरीय कोच वाली एक मजबूत टीम है। हमने हर संभावित परिदृश्य पर विचार किया, क्योंकि उनकी रणनीति का अनुमान लगाना चुनौतीपूर्ण था। हम अपने मौकों का फायदा उठाने और गोल करने में सफल रहे - कुछ ऐसा जो हमें उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद संघर्ष करना पड़ा। दुर्भाग्य से, हमने कई आसान मौके गंवा दिए। लीमा के शुरुआती गोलों ने यूएई को नियंत्रण में ला दिया, जिसमें बेंटो की टीम



ने कतर की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाया। यह जीत उज्बेकिस्तान से मिली निराशाजनक हार के बाद मिली, जहां यूएई ने मौके बनाए थे, लेकिन उन्हें गोल में बदलने में विफल रहा। हालांकि, इस मैच में टीम ने हर मौके का पूरा फायदा उठाते हुए शानदार खेल दिखाया। दूसरी ओर, कतर के मुख्य कोच मार्केज़ लोपेज़ हार के बाद अपनी टीम की सामरिक गलतियों पर अफसोस जताते रहे।

## सार संक्षेप

### दिल्ली प्रीमियर लीग : सुदेवा की संघर्षपूर्ण जीत

**नई दिल्ली।** प्लेयर ऑफ़ द मैच सिबिन एस के दमदार खेल से सीआईएसएफ प्रोन्टैक्टर ने दिल्ली एफ सी को गोल शून्य बराबरी पर रोक कर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए द्य दिन के दूसरे मुकाबले में सुदेवा दिल्ली एफ सी ने वाटिका फुटबाल क्लब को कांटे की टक्कर में 2-1 से हराया द्य विजेता टीम के लिए सिनाम माइकल सिंह और ऋतुराज सिंह ने पहले हाफ में गोल जमाए लेकिन पाला बदलने के बाद वाटिका भारी पड़ी और विपुल के पेनल्टी गोल से सम्मानजनक हार पाई। ऋतुराज को प्लेयर ऑफ़ द मैच आंका गया। अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए बराबरी के मुकाबले में सीआईएसएफ का भाग्य ने साथ दिया द्य हालांकि सीआईएफसी की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल दिखाया लेकिन डीएफसी का खलनायक उसका नियमित स्ट्राइकर जी गयरी रहा जिसने गोल ज़माने के चार आसान मौके बर्बाद किए।

### भारत ने जीता बिहार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर का खिताब

**राजगीर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को फाइनल मुकाबले में चीन को हराकर कर बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 का खिताब अपने नाम किया। आज यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में भारत ने चीन पर 1-0 की जीत दर्ज की। खेल के पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। दूसरे हाफ में भारत ने आक्रामक खेल मुजाहिरा किया और दीपिका ने (31वें) मिनट में गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। यह बढ़त भारत को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब बचाने में मदद की। हॉकी रैंकिंग में नौवें स्थान पर मौजूद भारतीय टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब तीसरी बार अपने नाम किया है। पहला क्वार्टर गोलरहित रहा।

### मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम घोषित

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने 23 नवम्बर से राजकोट में शुरु होने वाली सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिये राजस्थान की टीम घोषित कर दी। आरसीए के मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि महिपाल लोमरोर कप्तान होंगे जबकि मानव सुथार को उपकप्तान बनाया गया है। उन्होंने बताया कि टीम का चयन राजस्थान क्रिकेट संघ की सीनियर चयन कमेटी द्वारा किया गया। राजस्थान टीम 21 नवम्बर को राजकोट रवाना होगी। टीम इस प्रकार हैः- महिपाल लोमरोर (कप्तान), मानव सुथार (उप कप्तान), दीपक हुड्डा, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, भारत शर्मा (विकेट कीपर), जुबेर अली, कमलेश नागरकोटी, आदित्य सिंह राठौर, राजेश बिश्नोई (जूनियर) और सुमित गोदारा।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### तहसील कार्यालय हरदा का औचक निरीक्षण किया

**हरदा, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त केजी. तिवारी ने गुरुवार को हरदा तहसील कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नायब तहसीलदार न्यायालय और तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालयों में पारित आदेशो का राजस्व अभिलेखों में आवश्यक रूप से अमल कराया जाए। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। श्री तिवारी ने तहसीलदार हरदा न्यायालय में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होने एसडीएम कुमार शानु देवड़िया को निर्देश दिये कि अपने सभी अधीनस्थ न्यायालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालय के प्रकरणों में आरसीएमएस पोर्टल के माध्यम से ही तारीख लगाई जाए। उन्होंने कहा कि रीडर आईडी पर कोई भी प्रकरण एक भी दिन लंबित न रहे। उन्होंने तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों में आदेश पारित करने के बाद एक तारीख आदेश का भू अभिलेख में अमल करने के लिए आवश्यक रूप से दी जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालय के आदेश का भू अभिलेखों में अमल हो, यह पीठासीन अधिकारी स्वयं सुनिश्चित करें। उसके बाद ही प्रकरण नस्तीबद्ध करें। इस दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, तथा तहसीलदार विजय साहू सहित अन्य राजस्व अधिकारी भी मौजूद थे।

### जिला स्तरीय विजेता प्रतिभागी अब भोपाल में करेंगे प्रतिनिधित्व

**हरदा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा के जिला स्तरीय विजेता प्रतिभागी अब अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव सत्र 2024-25 में सम्मिलित होने हेतु 21, 22 एवं 23 नवंबर को बरकतुल्ला विश्वविद्यालय में एक्सीलेंस कॉलेज हरदा का प्रतिनिधित्व करेंगे। छवि चौहान, अंजलि पासी एवं अंकिता गायकवाड प्रश्न मंच विधा में श्रेया शुक्ला कार्टूनिंग विधा में एवं अंशु राजपूत रंगोली विधा में अपनी-अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे। महाविद्यालय स्तर से जिला स्तर पर चयनित हुए सभी विद्यार्थियों को संस्था प्रमुख डॉ. अरुण कुमार सिकरवार ने अगले स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रश्न मंच एवं संबंधित विधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश प्रदान करते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी के साथ युवा उत्सव संयोजक डॉ दीपिका सेठे जो कि टीम मैनेजर के रूप में समस्त टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी, उन्होंने युवा उत्सव में प्रत्येक स्तर पर चयनित होने हेतु प्रतिभागियों को विभिन्न विधाओं की बारीकियां से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के प्रशासनिक अधिकारी व्हीके विछोतिया, डॉ. धीरा शाह, डॉ. सीपी गुप्ता, डॉ. निर्मला डोंगरे, डॉ. वंदना मगरदे, डॉ शीतिका बरकले, डॉ. आशा गायकवाड, डॉ. प्रियंका राय सहित अन्य परिवार के सदस्यों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### कल्याणं करोति द्वारा दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर 23 जनवरी को

**संतहिरदाराम नगर, देशबन्धु।** संत हिरदाराम के सेवा दर्शन से प्रेरित होकर लखनऊ की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था कल्याणं करोति, जो वर्ष 1982 में स्थापित हुई थी,, समाज सेवा के क्षेत्र में, मुख्य रूप से दिव्यांगों की सेवा में अपनी अमूल्य भूमिका निभा रही है। संस्था प्रति वर्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित करती है, जिसमें उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनेक सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी आदि वितरित किए जाते हैं। कल्याणं करोति के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए, जीव सेवा संस्थान ने एक बार फिर इस पुण्य कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस वर्ष नेताजी की 128वीं जयंती के 23 जनवरी को आयोजित होने वाले विशेष शिविर में, जीव सेवा संस्थान ने सहयोग के रूप में रु. एक लाख 91 हजार दो सौ रुपए की सहायता राशि प्रदान की है। इस राशि के माध्यम से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये जायेंगें।

# संभागायुक्त ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा



**हरदा, देशबन्धु।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा संभागायुक्त के.जी. तिवारी को जिले के लिये रोल ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। श्री तिवारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर पुनरीक्षण कार्यक्रम में अब तक की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में श्री तिवारी ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे भी मतदान केन्द्रों के लिये अपनी-अपनी पार्टी से बूथ लेबल एजेन्ट के माध्यम से प्राप्त किये जा रहे दावे आपत्ति के संबंध में जानकारी लेते रहें। उन्होने कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जो मतदाता मृत या स्थानान्तरित हो गये है, उनके नाम हटाने की कार्यवाही की जाए। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी गतिविधियों के तय कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन गत दिनों हो चुका है। इस पर दावे-आपत्तियां 28 नवम्बर 2024 तक सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा प्राप्त की जा रही है। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 24 दिसम्बर 2024 तक किया जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 141 बोबदा का भवन जीर्णशीर्ण होने से उसके स्थान पर नवीन माध्यमिक शाला भवन बोबदा में मतदान केन्द्र स्वीकृत किया गया है। मतदान केन्द्र क्रमांक 163 डेहरिया की प्राथमिक शाला भवन का उन्नयन हो जाने से मतदान केन्द्र का नाम परिवर्तित कर एकीकृत माध्यमिक शाला डेहरिया किया गया है। इसके लिये भारत निर्वाचन आयोग से अनुमोदन प्राप्त हो गया है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश राय, विधायक डॉ. आरके दोगने, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल, आम आदमी पार्टी से रेवाराम पटेल, बहुजन समाज पार्टी के प्रेमलाल गन्नोरे भी उपस्थित थे।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति देखी** - संभागायुक्त ने श्री तिवारी ने तहसील कार्यालय में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होने तहसील की निर्वाचन शाखा में पहुँच कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधित कराने व नाम कटवाने के लिये तहसील क्षेत्र में अब तक प्राप्त फार्म-6, 7 व 8 की प्रगति की जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिये कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधित कराने व नाम कटवाने के लिये बीएलओ के माध्यम से व ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही की जाए और संलग्न दस्तावेजों के आधार पर मतदाता के नाम सूची में जोड़ने, संशोधित करने व सूची से नाम हटाने की कार्यवाही की जाए।

# तात्कालिक भाषण और वाद विवाद प्रतियोगिता हुई संपन्न

**हरदा, देशबन्धु।** सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई हायर सेकेंडरी विद्यालय इंदौर रोड में सीबीएसई अंतर्गत सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स इंटर स्कूल तात्कालिक भाषण जूनियर ग्रुप तथा वाद विवाद प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप प्रतियोगिता संपन्न हुई।




इस अवसर पर मंच पर मुख्य अतिथि श्रीमती लवलीना सिंह प्राचार्य (एकेडमिक हाइट्स स्कूल टिमरनी), विनय शर्मा (प्राचार्य ,सरस्वती विद्या मंदिर हरदा ), निर्णायक गण के रूप में राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित श्रीमती मीरा शर्मा (व्याख्याता, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला हरदा), ज्ञानेश चौबे (प्राचार्य साधना हायर सेकेंडरी स्कूल), त्रिलोक शर्मा (प्राचार्य मॉडल स्कूल ), डॉ उमाकांत शर्मा (प्रोफेसर एलबीएस कॉलेज हरदा) की विशिष्ट उपस्थिति में तात्कालिक भाषण जूनियर ग्रुप तथा सीनियर ग्रुप में वाद विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में हरदा जिले के 9 सीबीएसई स्कूल- नॉलेज पब्लिक स्कूल टिमरनी, संस्कार विद्यापीठ हरदा, द फाउंडेशन ऑफ़ एजूकेशन हरदा, सूर्योदय ग्लोबल एकेडमी खिरकिया, सेंट मैरी स्कूल हरदा, एकेडमिक हाइट्स टिमरनी, दिल्ली स्कूल ऑफ़ एजूकेशन सोडलपुर, सनफ्लावर स्कूल हरदा तथा होली फेथ स्कूल हरदा सम्मिलित हुए। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर सेंटमैरी स्कूल हरदा, द्वितीय स्थान संस्कार विद्यापीठ हरदा तृतीय स्थान पर अकादमी हाइट्स टिमरनी के प्रतिभागी गोल्ड सिल्वर एवं ब्रॉज़ मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत हुए। वही वाद विवाद प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप के पक्ष में प्रथम स्थान पर समान अंक प्राप्त करते हुए दो प्रतिभागी एकेडमिक हाइट टिमरनी और होली फेथ स्कूल हरदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं संस्कार विद्यापीठ के प्रतिभागी ने द्वितीय स्थान, सनफ्लावर स्कूल की प्रतिभागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता के विपक्ष में सेंट मैरी स्कूल के प्रतिभागी ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर होली फेथ स्कूल हरदा तथा संस्कार विद्यापीठ हरदा के प्रतिभागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इन सभी प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल तथा ब्रॉन्ज मेडल और सर्टिफिकेट वितरित किए। संस्था प्राचार्य विनय शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# किसानों को आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है

**हरदा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर किसानों की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। हरदा जिले में कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की निगरानी में किसानों को उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि जिले में 20 नवम्बर को कोरोमंडल कंपनी की डीएपी उर्वरक की रैक जिले में प्राप्त हुई है, जिसमे जिले में 1100 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व जिले में रबी वर्ष 2024-25 में किसानों को सुगमता से उर्वरक की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अद्यतन स्थिति में यूरिया उर्वरक 29497.6 मैट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 23829.791 मैट्रिक टन उर्वरक किसानों को वितरण किया जा चुका है तथा 5667.809 मैट्रिक टन जिले में अभी उपलब्ध है। इसी प्रकार डी.ए.पी. उर्वरक 14617.3 मैट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 13481.55 मैट्रिक टन उर्वरक किसानों को वितरण किया जा चुका है तथा 1135.75 मैट्रिक टन जिले में उपलब्ध है। इसी प्रकार एन.पी.के. काम्प्लेक्स उर्वरक 8616.4 मैट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 8588.77 मैट्रिक टन उर्वरक कृषकों को वितरण किया जा चुका है तथा 27.63 मैट्रिक टन जिले में उपलब्ध है। उन्होने बताया कि सिंगल सुपर फास्फेट 11570 मैट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 10213.61 मैट्रिक टन उर्वरक कृषकों को वितरण किया जा चुका है तथा 1356.39 मैट्रिक टन जिले में उपलब्ध है। इसी तरह म्यूरेट ऑफ पोटाश 900.6 मैट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 810.8 मैट्रिक टन उर्वरक कृषकों को वितरण किया जा चुका है तथा 89.8 मैट्रिक टन जिले में उपलब्ध है।

जिले में कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार गुरूवार 21 नवम्बर को किसानों को उर्वरक वितरण हेतु 3 विपणन संघ गोदाम हरदा, टिमरनी व खिरकिया, 1 एमपी एग्रो, 3 विपणन समिति हरदा, खिरकिया व सिराली तथा विकासखंड हरदा व टिमरनी में 1-1 निजी उर्वरक विक्रेताओं के अतिरिक्त काउंटर लगाकर कृषकों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराया जावेगा तथा सेवा सहकारी समिति धनगांव, खेडा, नीमगाँव, पीपलघटा, रूपीपरेटिया, सोनतालाई, राजबरारी, सोडलपुर, रुन्द्लाय, गोंदागाँवखुर्द, धनवाडा, सिराली से कृषको को उर्वरक वितरण किया जायेगा।



# आयुष्मान आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन

## मंदिर समिति सदस्यों ने बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड बनवाने में की मदद

**हरदा, देशबन्धु।** करूणानिधान नवदुर्गा बजरंग मंदिर समिति के सदस्यों के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को गुर्जर छात्रावास के पास स्थित नवदुर्गा बजरंग मंदिर परिसर में एक दिवसीय आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में 70 वर्ष आयु वर्ग एवं उससे अधिक आयु वाले बुजुर्गों ने आयुष्मान कार्ड,आभा आईडी सहित स्वास्थ्य परीक्षण कराया,वहीं ब्लड,शुगर,बीपी एवं अन्य जांच भी की गई।डाक्टरों ने मरीजों को आवश्यक दवाई भी वितरित की। करूणानिधान नवदुर्गा बजरंग मंदिर समिति के नवनीत शुक्ला,अमरीश मिश्रा ने बुजुर्गों को आयुष्मान बनवाने के लिए प्रेरित किया। समिति के कोषाध्यक्ष डॉ अनिल मुकाती ने कहा कि समिति ने बुजुर्गों की सहायता के लिए मंदिर परिसर में आयुष्मान शिविर का आयोजन किया है ताकि बुजुर्गों को भटकना नहीं पड़े। वरिष्ठ सदस्य मोहन सिंह सोलंकी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड, बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा कवच है। यह आर्थिक चिंता से मुक्त करता है। वरिष्ठ सदस्य रामनिवास छलोत्रे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड के लिए बुजुर्ग आधार अपडेट के साथ मोबाइल नंबर लिंक अवश्य कराएं। ताकि आगामी दिनों में जिन बुजुर्गों का आयुष्मान नहीं बन पाया है, उन्हें सरलता हो। शिविर के दौरान ब्लड, शुगर, बीपी, कोलेस्ट्रॉल सहित अन्य जांच की गई। कार्यक्रम के दौरान पंडित राजेश पांडे, श्याम सोकल, जगदीश विश्वकर्मा, नवनीत शुक्ला, अमरीश मिश्रा, कमलेश अग्रवाल सहित सदस्य उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने स्कूल, आंगनवाड़ी व छात्रावास का किया निरीक्षण

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को हंडिया एवं आसपास के लगभग एक दर्जन ग्रामों हीरापुर, सिंगोन, सगोदा, नयापुरा, खेड़ा, कांकरदा, ढेकी, साल्याखेड़ी व मांगरूल का दौरा किया। इस दौरान उन्होने वहां संचालित स्कूल, आंगनवाड़ी, छात्रावास व उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम हीरापुर में दिव्यांग छात्रावास का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से चर्चा की। उन्होने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये स्कूल परिसर में इंडोर व आउटडोर गेम्स के लिये व्यवस्था करने हेतु प्राचार्य को निर्देश दिये। उन्होने पंचायत सचिव को विद्यालय परिसर में खेल मैदान तैयार करने के लिये भी कहा। उन्होने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलवान सिंह मवासे को निर्देश दिये कि 3 दिसम्बर को विकलांग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम इसी स्कूल परिसर में आयोजित किया जाए। उन्होने हंडिया में नर्मदा तट पर निर्मित होने वाले नये घाट निर्माण के संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री से जानकारी ली और जनवरी माह के अंत तक घाट निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होने घाट पर महिलाओं की सुविधा के लिये चेंजिंग रूम बनाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने हंडिया के पीएम श्री स्कूल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपलब्ध बजट से स्कूल का फर्श एवं सिलिंग की गुणवत्ता सुधारें। उन्होने ग्राम मांगरूल व सगोदा में नहर से सिंचाई कार्य के संबंध में किसानों से चर्चा की तथा उपस्थित कार्यपालन यंत्री व उपयंत्रियों को निर्देश दिये कि ओसराबंदी के माध्यम से नहर के अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक सिंचाई के लिये पानी पहुँचाएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने बागरूल पहुँचकर स्काउट गाइड शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने जिला परियोजना समन्वयक बलवन्त पटेल के साथ स्काउट गाइड शिविर का अवलोकन किया। शिविर में भाग ले रहे स्काउट गाइड से चर्चा की और उनको दिए जा रहे प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने शिविर संचालक एवं सभी टीम को बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। शिविर संचालक ने बताया कि इस शिविर में जिले के 31 स्कूलों के 96 विद्यार्थी शामिल हुए है। ग्राम नयापुरा के निरीक्षण के दौरान गांव में गंदगी पाये जाने पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी प्रगट की तथा जनपद के सीईओ तथा पंचायत सचिव को हिदायत दी कि गांव में नाडेप बनवाकर कचरा संग्रहित कराएं तथा जहां जरूरत हो नाली निर्माण कराएं ताकि गांव में स्वच्छता रहे। उन्होने नयापुरा के हायर सेकण्ड्री स्कूल का भी निरीक्षण किया। उन्होने स्कूल में विद्यार्थियों से चर्चा कर साइकिल वितरण के संबंध में जानकारी ली तथा कम्प्यूटर लेब, पुस्तकालय और विज्ञान प्रयोगशालाएं देखीं। ग्राम सिंगोन, साल्याखेड़ी व मांगरूल में कलेक्टर श्री सिंह ने उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया और दुकान में गेहूँ, चावल, नमक, शक्कर का स्टॉक व गुणवत्ता देखी। उन्होने उपस्थित ग्रामीणों से दुकान से खाद्य सामग्री वितरण के संबंध में जानकारी ली।

**आंगनवाड़ी के बच्चों को टॉफी व बिस्किट वितरित किये** - कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम काकड़दा में माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया और बच्चों से चर्चा कर गणवेश व साइकिल वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होने ग्राम काकड़दा में उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण भी किया। श्री सिंह ने ढेकी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जल जीवन मिशन के तहत निर्मित पेयजल योजना का निरीक्षण किया। कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता ने बताया कि पंचायत को पेयजल योजना हस्तांतरित कर दी गई है। ग्राम साल्याखेड़ी में कलेक्टर ने आंगनवाड़ी के निरीक्षण के दौरान बच्चों को टॉफी व बिस्किट वितरित किये तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किये कि कुपोषित बच्चों को पास के पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने की व्यवस्था करें। उन्होने नये आंगनवाड़ी केन्द्र भवन निर्माण के प्रस्ताव भिजवाने के भी निर्देश विभागीय अधिकारी को दिये।

### सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में हरदा जिला 'ए' रेटिंग के साथ रहा नंबर - 1

**हरदा, देशबन्धु।** प्रदेश स्तर पर सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के मामले में प्राप्त 85.35 वेटेज स्कोर प्राप्त कर हरदा जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि 1 से 31 अक्टूबर के बीच प्राप्त शिकायतों के निराकरण के आधार पर शासन स्तर से बुधवार को जिलेवार रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें हरदा जिले को 'ए' रेटिंग प्राप्त हुई है। उन्होने बताया कि द्वितीय स्थान पर 84.2 वेटेज स्कोर के साथ बैतूल जिला रहा है तथा 84.19 वेटेज स्कोर के आधार पर शाजापुर जिला तृतीय स्थान पर रहा है। इस उपलब्धि के लिये कलेक्टर ने जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों को बधाई दी हैं।

# पटेल नगर में बिल्डर का बेशकीमती भूखण्ड नीलाम करेगा ननि

## मंत्री कृष्णा गौर बोलीं- लोगों को सुविधाओं से वंचित न रखें



**भोपाल,देशबन्धु।** रायसेन रोड स्थित पटेल नगर में बिल्डर के बंधक बनाए गए करीब 70 हजार वर्गफीट के बेशकीमती भूखण्ड को नगर निगम नीलाम करेगा। इससे जो राशि मिलेगी, उससे कॉलोनी में पानी, सड़क, और सीवेज जैसी बुनियादी सुविधाएं जुटाने और क्षेत्र के विकास के लिए किया जाएगा। इस संबंध में राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने मंगलवार को जिला प्रशासन, नगर निगम के अधिकारियों और पटेल नगर के रहवासियों एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पटेल नगर के निवासियों को सुविधाओं से वंचित न रखा जाए।

बैठक में मंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि पटेल नगर के रहवासियों को बिल्डर द्वारा मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। बार-बार आश्वासन देने के बाद भी बिल्डर कॉलोनी का अपेक्षित विकास नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि बिल्डर के बंधक भूखण्ड को नगर निगम द्वारा नीलाम करने और प्राप्त राशि से विकास कार्य करने का प्रावधान है। नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण यादव ने बताया कि बंधक भूखंड की नीलामी से 20 से 25 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होने का अनुमान है, जिससे कॉलोनी का विकास किया जाएगा। बैठक में रोहित नगर के लोगों को नर्मदा जल की आपूर्ति किए जाने को लेकर भी चर्चा हुई। मंत्री श्रीमती गौर ने निगम कमिश्नर यादव से विस्तृत प्लान बनाने को कहा है। कॉलोनी में एकल कनेक्शन देने के लिए प्राक्कलन तैयार किया जाएगा। बैठक में एसडीएम एलके खरे भी मौजूद रहे।

### साढ़े 7 सौ से अधिक घर, 5 हजार लोग रहते हैं

उल्लेखनीय है कि पटेल नगर में साढ़े 7 सौ से ज्यादा मकान है, जहां 5 हजार से अधिक लोग रहते हैं। बिल्डर का करीब 70 हजार वर्गफीट का व्यवसायिक भूखण्ड मुख्य मार्ग पर है। यह नगर निगम के पास बंधक है। इसका बाजार मूल्य 20 से 25 करोड़ रुपये है। इतनी राशि से सुविधाएं आसानी से जुटा ली जाएगी। बाद नगर निगम कॉलोनी को अपने आधिपत्य में लेगी और फिर रहवासियों की समिति बनाई जाएगी, जो मेंटेनेंस का काम देखेगी।

# बैरसिया में किसानों के बीच पहुंचे कलेक्टर

## अफसरों से बोले- खाद बांटने में गड़बड़ी न हो, स्टॉक भी देखा



**भोपाल/ बैरसिया, देशबन्धु।** भोपाल की बैरसिया स्थित मंडी में किसानों को पुलिस की मौजूदगी में खाद बांटी जा रही है। तीन दिन पहले यहां ज्यादा कीमत पर खाद बेचने वाले एक दुकानदार पर प्रकरण भी दर्ज हो चुका है। ऐसे में मंगलवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह मंडी में किसानों के बीच पहुंचे और व्यवस्था में आ रही दिक्कतों के बारे में जाना। कलेक्टर ने अफसरों से कहा कि खाद वितरण में गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। किसानों को समय पर उनकी जरूरत के हिसाब से खाद दें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

कलेक्टर ने बैरसिया मंडी पहुंचकर मंडी का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में उपस्थित किसानों से बातचीत कर उनकी जरूरतों और समस्याओं को समझा। किसानों ने खाद की मांग और वितरण प्रक्रिया पर अपनी बात रखी। तहसील का निरीक्षण कर राजस्व अभियान 3.0 के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, नक्शे में बटांकन, आधार से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान योजना का सेचुरेशन और स्वामित्व योजना के तहत चल रहे प्रकरणों के शीघ्र और पारदर्शी निराकरण के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर ने बैरसिया के ग्राम सोहाया और भूरी पठार का भ्रमण कर राजस्व अभियान 3.0 के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन जैसे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

## शिवसेना का आरोप- शहर के कई इलाकों में राशन की कालाबाजारी का नेटवर्क सक्रिय

**बैतूल, देशबन्धु।** शिवसेना जिला प्रमुख विजेंद्र गोले ने सोसायटी संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि गरीबों के लिए सरकारी योजनाओं के तहत दिया जाने वाला राशन उन तक नहीं पहुंच रहा है। राशन दुकानों पर कालाबाजारी का खेल लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने गणेश वार्ड, राजेंद्र वार्ड, माचना नगर, अर्जुन नगर और रामनगर सहित अन्य इलाकों में इस गोरखधंधे का खुलासा किया है। विजेंद्र गोले ने आरोप लगाया कि सोसायटी के राशन को बाजार में महंगे दामों पर बेच देते हैं। यह सब अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। सोसायटी संचालक खुलेआम कहते हैं कि वे हर महीने 10 हजार रुपये अधिकारियों को देते हैं, जिसके चलते उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। शिवसेना जिला प्रमुख का कहना है कि गरीबों के हक पर डाका डालने वाले इन लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, जब राशन की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। इससे पहले भी ऐसे मामले उजागर हो चुके हैं, लेकिन दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने से उनका हौसला बढ़ता जा रहा है। गोले ने कहा कि गरीब जनता को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिलना चाहिए, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण जरूरतमंदों तक राशन नहीं पहुंच पा रहा। शिवसेना ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि गरीबों के निवाले पर डाका डालने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाने चाहिए। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस गोरखधंधे पर रोक नहीं लगी, तो वे बड़े आंदोलन का रुख अपनाएंगे।

## स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े में लाभान्वित होंगे हितग्राही



**बैतूल, देशबन्धु।** नगरीय निकाय अंतर्गत स्वनिधि स्वाभिमान पखवाड़ा अभियान 2 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में नगरीय निकायो द्वारा पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत लंबित प्रकरणों का वितरण करें किया जाएगा साथ ही पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों की सोशल इकानॉमिक प्रोफालिंग एवं 8 जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ प्रदान किया जाना है। जिसमें तहत पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेनदेन हेतु डिजिटल पेमेंट प्लेटफार्म से जोड़ने का काम भी किया जा रहा है । बैतूल नगर पालिका के डेएनयूएलएम के शाखा प्रभारी सिटी मिशन मैनेजर हंसराज मसतकर ने बताया कि नगरीय निकाय अंतर्गत स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़ा अभियान 2 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ नगर पालिका के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन शिवाजी चौक के ऑफिस से किया गया । इसके अंतर्गत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के ऑफिस में अभियान के दरमियान शिविर आयोजित कर पीएम स्वनिधि योजना का हितग्राहियों को लाभ दिए जाने हेतु विभिन्न गतिविधियां की जाएगी । श्री मसतकार ने बताया कि पखवाड़े में पीएम स्वनिधि में लंबित प्रकरणों का वितरण भी किया जाएगा। पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों की सोशल इकोनामिक प्रोफाइलिंग कर संबंधित 8 जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा एवं पथ विक्रेताओं को डिजिटल लेनदेन हेतु डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म से जोड़ने का कार्य किया जाएगा । इस योजना अंतर्गत यह प्रयास किया जाएगा की अधिक से अधिक हितग्राहियों को शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभानित किया जा सके। श्री मसतकार ने बताया कि यह योजना शहरी क्षेत्र में रिहेड़ी पटरी वाले , हाथ ठेला वालों के रोजगार को मजबूत करने के लिए शुरू की गई है। इस योजना के तहत 10 हजार रुपए तक का कार्यशील पूंजी लोन दिया जाता है। इस लोन पर 7 प्रतिशत ब्याज की दर से सब्सिडी मिलती है। लोन के लिए कोई जमानत नहीं ली जाती है। समय पर या जल्दी लोन चुकाने पर अगले चरण के लिए ज्यादा रकम का लोन मिलता है। डिजिटल लेनदेन करने पर हर महीने 100 रुपए का कैशबैक मिलता है ।

# जिला अस्पताल के निजीकरण पर भड़का आदिवासी समाज

## सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** समस्त आदिवासी समाज संगठन ने बैतूल के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिला अस्पताल और प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर संचालित करने के आदेश को रद्द करने की मांग की गई है। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर जिला अस्पताल को निजीकरण के तहत दिया गया, तो गरीब और आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।

जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल को पीपीपी मॉडल के तहत प्राइवेट किए जाने की योजना पर तीखी आपत्ति जताई गई है। सरकार द्वारा 25 नवंबर को इस योजना के तहत टेंडर बुलाए गए हैं। संगठन ने इस कदम को आम जनता, विशेष रूप से गरीब तबके के लिए हानिकारक बताते हुए इसे शासकीय स्तर पर ही



संचालित करने की अपील की है।

आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष सुंदरलाल उइके ने कहा कि यह फैसला गरीब जनता के स्वास्थ्य अधिकारों को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा। इस मौके पर संगठन के सदस्य योगेश धुर्वे, भूपेंद्र पन्द्राम, दुर्गा सिंह मर्सकोले, बी.एल. मासोदकर, जितेंद्र सिंह इवने और शंकर सरियाम समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पहले भी कलेक्टर बैतूल के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजा गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संगठन ने कहा कि बैतूल जिले में संचालित शासकीय चिकित्सालय को निजी हाथों में न सौंपा जाए। संगठन ने कहा कि जिले में पहले से ही कई निजी अस्पताल संचालित हैं, जिनकी उच्च शुल्क प्रणाली गरीबों और जरूरतमंदों के लिए बाधा बनती है। ऐसे में यदि जिला अस्पताल को भी निजीकरण के तहत दिया जाता है, तो आम जनता के लिए चिकित्सा सेवाएं और भी अधिक महंगी हो जाएंगी।

आदिवासी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मॉडल पर देने का फैसला वापस नहीं लिया गया, तो वे व्यापक स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस विरोध के दौरान, गरीब जनता के स्वास्थ्य अधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। संगठन ने इस मुद्दे को लेकर सरकार से अपील की है कि जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज को शासकीय स्तर पर संचालित किया जाए। अगर सरकार इस दिशा में सकारात्मक कदम नहीं उठाती है, तो आंदोलन का रूप और भी बड़ा और व्यापक हो सकता है।

## नवविवाहिता के कत्ल का खुलासा, पति, जेठ और ससुर ने की थी मारपीट

**चिचोली, देशबन्धु।** चिचोली थाना क्षेत्र में नवविवाहिता की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। नवविवाहिता के साथ उसके पति, जेठ और ससुर ने मारपीट की थी। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी है। पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई है कि 18 नवंबर को रात्रि लगभग 10.30 बजे थाना चिचोली में अनिल पिता परसराम नागले, उम्र 24 वर्ष, निवासी शांति नगर बैतूल ने सूचना दी कि उसकी बहन सरस्वती पत्नी अशोक रंजौने, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम सिंगारचावड़ी, थाना चिचोली की मृत्यु हो गई है। अनिल ने बताया कि वह अपने पिता परसराम नागले और भाई सुनील नागले के साथ ग्राम सिंगारचावड़ी पहुंचा। वहां देखा कि उसकी बहन सरस्वती आंगन में मृत अवस्था में पड़ी थी। उसके सिर से खून बह रहा था और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे ।उसने यह भी बताया कि बहन के पति अशोक, जेठ सोहन, और ससुर शिवराज ने सरस्वती के साथ झगड़ा करते हुए मारपीट की, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। सोहन ने कथित तौर पर कहा था कि तुम्हारी बहन हमसे झगड़ा करती थी, इसलिए हमने उसे मार डाला। अनिल की रिपोर्ट पर थाना चिचोली में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी चिचोली ने तत्काल पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल एन. झारिया एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए। घटनास्थल की विधिवत फोटोग्राफी कर आवश्यक वस्तुओं की जब्ती की गई। इसके साथ ही एसडीओपी शाहपुर को निर्देश देकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एक विशेष टीम गठित की गई।

### कल ही वापस लौटी थी ससुराल

मृतका के मायके पक्ष का कहना है कि सरस्वती अपना इलाज करवाने के लिए बैतूल आई थी। वह कल ही अपने ससुराल लौटी थी। उसके ससुराल लौटने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने झगड़ा किया था। वहीं मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज को लेकर प्रताड़ित किए जाने के आरोप भी लगाए हैं।

### वर्षा जल की हर बूंद सहेजना हमारा कर्तव्य- मधु

## ग्राम जावरा में बोरी बंधान कार्यक्रम से जल संरक्षण को मिला नया आयाम



**बैतूल, देशबन्धु।** जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जल संकट के समाधान की दिशा में ग्राम जावरा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद और ग्राम पंचायत जावरा के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से बोरी बंधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर की विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने कहा कि वर्षा जल की हर बूंद को सहेजना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। जल संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, और इसके लिए हमें मिलकर प्रयास करना चाहिए। नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कैलाश आजाद ने कहा कि बोरी बंधान जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें ग्रामों में जनभागीदारी से जल, पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति जैसे जनजागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के निर्देशन में पूरे विकासखंड में प्रस्फुटन समितियों और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रयोगशाला और प्रस्फुटन ग्रामों में बोरी बंधान किया जा रहा है। ग्राम जावरा में 100 बोरियों से यह कार्य संपन्न हुआ। यह आयोजन ग्रामवासियों के लिए प्रेरणादायक बना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेक्टर परामर्शदाता गोवर्धन राने, दिनेश साकरे, आशुतोष सिंह चौहान, नवांकुर संस्था के दिनेश माकोड़े, सरपंच रेखा उइके, उपसरपंच इंद्रदेव कोसे, पंच लता पांसे, सुखदेव सराटकर, गिरधर सराटकर, रमेश गीद, नारायण दाबड़े, पंजाबराव उइके, रोजगार सहायक बुधराव गीद, अनीता बंजारे, कल्पना कोसे, प्रमोद दरवाई, गजानन माकोड़े, तुलसीराम मानकर, डोमाजी तायडे, खेमराज कापसे, दशरथ बंजारे, योगराज बंजारे, गजानन पंडागरे, रमेश कोसे, रामराव पंडाग्रे, किसन बंजारे और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## जयस ने गांव-गांव तक सदस्यता अभियान चलाने का लिया संकल्प

### बैठक में आदिवासी समाज के विकास के लिए बनाई विस्तृत योजना



**बैतूल, देशबन्धु।** जय आदिवासी युवा शक्ति बैतूल (जयस) के बैनर तले बुधवार को जिला मुख्यालय के रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में बिरसा मुंडा जयंती की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जयंती समारोह के सफल आयोजन पर चर्चा की गई और कार्यक्रम के सहयोगियों का आभार प्रकट किया गया।

जयस जिला अध्यक्ष संदीप कुमार धुर्वे ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बिरसा मुंडा जयंती के राज्य स्तरीय युवा आदिवासी महोत्सव में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सामाजिक बंधुओं और जिलेवासियों का विशेष आभार व्यक्त किया। बैठक में अलग-अलग ब्लॉकों से आए जयस कार्यकर्ताओं को सदस्यता डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। जयस जिला प्रभारी महेश शाह उइके ने बताया कि 15 नवंबर को रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में आयोजित युवा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान जयस जिलाध्यक्ष संदीप कुमार धुर्वे ने जिले में गांव-गांव तक सदस्यता अभियान चलाने की घोषणा की थी।

इस अवसर पर जयस जिला सचिव राजकुमार काकोडिया ने जिले में व्यापक स्तर पर मुहिम चलाकर समुदाय के लोगों को जयस से जोड़ने और क्षेत्र विकास के लिए सहयोग करने की अपील की। बैठक में जयस सरकार ने जिले भर में गांव-गांव चलो अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार की। इस बैठक में जयस के जिला मीडिया प्रभारी सौरभ सलामे, ब्लॉक अध्यक्ष बैतूल मनीष परते, नगर अध्यक्ष राजू उइके, नगर उपाध्यक्ष प्रकाश मर्सकोले, ब्लॉक उपाध्यक्ष आमला सुनील उइके, ब्लॉक प्रभारी मुलताई अजय धुर्वे, महासचिव घोड़ाडोंगरी मुकेश धुर्वे, ब्लॉक महामंत्री आमला सोनू धुर्वे सहित अन्य पदाधिकारी जैसे राजेश उइके, विकास उइके, प्रकाश उइके, राजू ककोडिया, रामप्रसाद धुर्वे, नकुल टेकाम, रिंदा धुर्वे, जयसिंग सिरसाम, संदीप उइके और मनीषा काकोडिया बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में जयस ने आदिवासी समाज के विकास और एकता को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया। संगठन ने यह भी सुनिश्चित किया कि गांव-गांव तक सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को जयस से जोड़ा जाए, ताकि आदिवासी समाज की आवाज को सशक्त किया जा सके। इस समीक्षा बैठक के दौरान संगठन ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए अपने प्रयासों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक का समापन सामूहिक आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## 26 से घर-घर जाकर किया जाएगा प्रकृति परीक्षण

### मौसम के अनुसार मिलेगा स्वास्थ्य संबंधित मार्गदर्शन

**बैतूल, देशबन्धु।** आयुष विभाग द्वारा 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक जिले में घर-घर जाकर व्यक्तियों का प्रकृति परीक्षण किया जाएगा। इस पहल के तहत विभाग के ऐप में हर व्यक्ति की प्रकृति की रिपोर्ट होगी और इसके माध्यम से उन्हें मौसम के अनुसार अवेयरनेस मैसेज प्राप्त होंगे। यह कदम विशेष रूप से बदलते मौसम के कारण होने वाली मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए उठाया गया है। आयुष विभाग के जिला अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर ने बताया कि यह ऐप लोगों की प्रकृति के अनुरूप उनके खानपान, व्यायाम, विहार, और स्वास्थ्य संबंधित जरूरी जानकारी प्रदान करेगी। जब मौसम बदलता है, तो अक्सर लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो जाते हैं, लेकिन इस ऐप से उन्हें सही समय पर सूचना मिल सकेगी, जिससे वे बीमारियों से बच सकेंगे। डॉ. योगेश चौकीकर ने कहा कि यह पहल आयुर्वेदिक चिकित्सा




पद्धति के प्रचार और लाभ के लिए महत्वपूर्ण है। इस ऐप के जरिए लोग अपनी प्रकृति के अनुसार सही आहार और जीवनशैली को अपनाकर स्वस्थ रह सकेंगे। इसके अलावा, मौसम बदलाव के दौरान होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूकता संदेश प्राप्त करेंगे, जिससे उनका इलाज समय पर किया जा सके।

## समरसता सेवा संस्थान ने जिला अस्पताल में आयोजित किया रक्तदान शिविर

### महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज के मार्गदर्शन में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**बैतूल, देशबन्धु।** समरसता सेवा संस्थान ने जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील शर्मा के मार्गदर्शन तथा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. किशोर धोटे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस शिविर में रक्तदाताओं ने मानवता के प्रति अपनी सेवा भावना का परिचय दिया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. किशोर धोटे ने बताया कि इस शिविर में लगभग 25 यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गौतम यादव, जिला उपाध्यक्ष सुभनित सरसोदे, जिला सचिव रविंद्र धोटे, महेंद्र चौहान, मिथिलेश चौहान, मोनू पाल, प्रफुल्ल



साहू, विष्णु साहू, सोनू साहू और मनोज पाटिल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष सहयोग शैलेंद्र बिहारीया और श्री वंजारे ने दिया। शिविर में समरसता सेवा संस्थान के सदस्यों ने रक्तदान को जीवनदान का संदेश देते हुए समाज के सभी वर्गों से आगे आकर इस नेक कार्य में शामिल होने की अपील की। महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ी सेवा है, क्योंकि यह सीधे किसी की जिंदगी बचाने में मदद करता है।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. किशोर धोटे ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्थान भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त की सुविधा मिल सके। आयोजन में डॉ जगदीश घोरे, डॉ रूपेश पद्माकर, डॉ ऋषभ शर्मा सहित जिला अस्पताल के मेडिकल स्टाफ ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और रक्तदान प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग दिया। समरसता सेवा संस्थान के इस प्रयास ने बैतूल में मानवता की सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

## पुष्य नक्षत्र पर 257 बच्चों को पिलाई स्वर्ण प्राशन औषधि

### अगला आयोजन 18 दिसंबर को

**बैतूल, देशबन्धु।** आयुक्त, संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार और कलेक्टर के मार्गदर्शन में पुष्य नक्षत्र के अवसर पर 20 नवंबर को स्वर्ण प्राशन अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी और शासकीय आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी में कुल 257 बच्चों को स्वर्ण प्राशन औषधि पिलाई गई। इसमें टिकारी में 226 और गर्ग कॉलोनी में 31 बच्चों को यह औषधि दी गई। इस आयोजन में बच्चों के माता-पिता ने बड़ी उत्सुकता और आस्था के साथ हिस्सा लिया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर योगेश चौकीकर ने बताया कि स्वर्ण प्राशन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि इस औषधि में स्वर्ण भस्म, मधु, घृत और विशेष आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों का मिश्रण होता है, जो बच्चों के समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। डॉ. चौकीकर ने बताया कि इस प्रकार के अभियान बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और आने वाले समय में अधिक से अधिक बच्चों को इस अभियान से जोड़ने की योजना बनाई गई है। स्वर्ण प्राशन का आयोजन हर माह पुष्य नक्षत्र के दिन किया जाता है। अगले माह का स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम 18 दिसंबर 2024 को शासकीय जिला आयुर्वेद



चिकित्सालय टिकारी और शासकीय आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयुष विभाग ने जिले के सभी माता-पिता से आग्रह किया है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में भाग लें और अपने बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहयोग करें।

## तीर्थकर ने स्थापत्य वेद विषय में प्राप्त की प्रथम श्रेणी

### वैदिक साहित्य में बैतूल की माटी का नाम हुआ रोशन

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की धरती पर सनातन संस्कृति की गूंज फिर से सुनाई दे रही है, जहां विज्ञान, कला और वाणिज्य के साथ युवा वैदिक साहित्य और प्राचीन ग्रंथों की ओर लौट रहे हैं। इसी कड़ी में बैतूल के होनहार छात्र तीर्थकर सेन ने अपनी उपलब्धि से बैतूल जिले का नाम रोशन किया है। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, जबलपुर के वर्ष 2024 के परीक्षा परिणाम में तीर्थकर सेन ने स्थापत्य वेद विषय में प्रथम श्रेणी प्राप्त की है। इस विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों को वैदिक ग्रंथ विश्वकर्मा प्रकाश का अध्ययन करना होता है, जिसमें प्राचीन भारत के वास्तु शास्त्र और भवन निर्माण की परंपराओं का ज्ञान समाहित है।



तीर्थकर ने इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा में सफलता प्राप्त कर वैदिक ज्ञान और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में अपना योगदान दिया है। तीर्थकर सेन जिला न्यायालय बैतूल के वरिष्ठ अधिवक्ता भारत सेन के सुपुत्र हैं। तीर्थकर ने प्रारंभ से ही भारतीय संस्कृति और संगीत के प्रति रुचि दिखाई। उन्होंने प्रतिष्ठित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से जुड़कर आध्यात्मिकता और जीवन विज्ञान को आत्मसात किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राजा मानसिंग तोमर सगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर से शास्त्रीय तबला वादन में संगीत विशारद की डिग्री प्राप्त की है। शास्त्रीय संगीत में निपुणता हासिल करने के बाद तीर्थकर ने स्थापत्य वेद में रूचि दिखाई। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति का हर पहलू, चाहे वह संगीत हो, कला हो, या वास्तुशास्त्र, एक दूसरे से गहराई से जुड़ा हुआ है। वैदिक ज्ञान जीवन को बेहतर बनाने का माध्यम है।

## नियमितीकरण के लिए अदालत की शरण में जाने को मजबूर दैवेभो कर्मचारी

### नगर पालिका सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**बैतूल, देशबन्धु।** दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर अब उच्च न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी कर रहे हैं। वर्षों से स्थायी नौकरी की आस में काम कर रहे इन कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। नियमितीकरण के लिए आवाज उठाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। न्याय और अधिकारों की लड़ाई में कर्मचारियों ने अब कानूनी मार्ग अपनाने का फैसला किया है। जल्द ही सभी कर्मचारी एकजुट होकर याचिका दायर करेंगे। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे



समय से सेवा देने के बावजूद उन्हें अब तक नियमित नहीं किया गया है। दिनांक 27 फरवरी 2024 को पीआईसी की बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में बताया गया कि 27 फरवरी 2024 को हुई पीआईसी बैठक में विषय क्रमांक 27 और संकल्प क्रमांक 532 के तहत दैनिक वेतन भोगियों के विनियमितीकरण और नियमितीकरण का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके तहत 16 मई 2007 से 1 सितंबर 2016 तक कार्यरत 219 कर्मचारियों का विवरण तैयार कर शासन को भेजा गया था। लेकिन अब तक शासन से इस पर कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। निकाय ने अक्टूबर 2023 में शासन के निर्देशानुसार गूगल शीट के माध्यम से जानकारी भेजी थी। लेकिन दिशा-निर्देश न मिलने से कर्मचारियों का भविष्य अंधकार बना हुआ है। प्रस्ताव में निकाय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि रिक्त पदों पर कर्मचारियों का नियमितीकरण अथवा स्थाईकर्मी योजना में विनियमितीकरण किया जाए। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने कहा कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उनके भविष्य को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष अमित सक्सेना, सुशील रागड़े, प्रमोद कुमार ढैकले, राजाराम यादव और रोहित वंजारे, हंसराज पवार, संतोष शिंदे, दीपक यादव, रामशंकर गाडगे, धीरज पवार, पिंटू बोडखे, राकेश एनिया, मधु चौकीकर, राहुल चौरसिया, नवीन नामदेव, फहीम शांह, कमलेश बघेल, शैलेंद्र पांसे, शैलेंद्र साहू, जगदीश साहू, राजेश छिपने, शिव शंकर प्रजापति, अनिल पाल सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एम एंड एम | 3.55 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 2.21 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.60 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.47 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.53 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.44 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.31 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.21 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.13 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 76,493 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 92,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 84.43 | 84.51 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7400-7500 |
| दाल चना | 8400-8500 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10500-10600 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत 330 मिलियन टन खाद्यान्न का कर रहा उत्पादन : शिवराज

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मौजूदा समय में सालाना 330 मिलियन टन खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है और वैश्विक खाद्य व्यापार में भारत महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। खाद्यान्न निर्यात से 50 बिलियन डॉलर की कमाई हो रही है। राष्ट्रीय राजधानी में 'वैश्विक मृदा सम्मेलन 2024' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए, कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसी पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जो दीर्घ कालिक हो और कृषि के लिए लाभदायक भी।

**50 बिलियन डॉलर का हो रहा निर्यात**

केंद्रीय मंत्री ने वैश्विक मृदा कांफ्रेंस 2024 को संबोधित करते हुए बताया कि रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती उपयोग और निर्भरता, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और अस्थिर मौसम ने मिट्टी पर दबाव डाला है। उन्होंने कहा कि केमिकल फर्टिलाइज़र का बढ़ता उपयोग, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और अस्थिर मौसम ने मिट्टी पर दबाव डाला है। आज भारत की मिट्टी बड़े स्वास्थ्य संकट का सामना कर रही है। कई अध्ययनों के अनुसार हमारी 30 फीसदी मिट्टी खराब हो चुकी है।



सरकार ऐसी पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जो दीर्घ कालिक हो और कृषि के लिए लाभदायक भी : शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित लोगों को बताया कि प्रदूषण, धरती में आवश्यक नाइट्रो और माइक्रो न्यूट्रेंट के स्तर में कमी आ रही है। मिट्टी में जैविक कार्बन की कमी से उसकी उर्वरता कम हो रही है इससे न केवल उत्पादन पर असर होगा बल्कि आने वाले समय में किसानों की आजीविका और खाद्य संकट भी पैदा हो सकता है। ऐसे में इस पर गंभीरता से इस पर विचार करना जरूरी है। कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इसके लिए कई पहल शुरू की है।

## ग्रीन एनर्जी क्षमता में वार्षिक वृद्धि अगले दो वर्षों में 35 गीगावाट से अधिक रहेगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** अगले दो वर्षों में स्थापित रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) क्षमता में विस्तार 35 गीगावाट से अधिक हो सकता है। इसकी वजह 100 गीगावाट से अधिक के प्रोजेक्ट पाइपलाइन में होना है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले 12 महीनों में रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) में तेज वृद्धि कॉरपोरेट्स के बढ़ते ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) फोकस, निवेशकों की बढ़ती रुचि, नीतियों से समर्थन और फाइनेंसिंग की बढ़ी हुई उपलब्धता का परिणाम है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने वित्त वर्ष 2024 में 18.5 गीगावाट की आरई क्षमता स्थापित की, जो पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। केयरएज रेटिंग्स के मुताबिक, बढ़ती ऊर्जा मांग के कारण सौर उपकरण सेक्टर में अगले तीन से पांच वर्षों में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का पूंजीगत खर्च होगा। इसमें से 70,000 करोड़ रुपए डेट फंडिंग से आने की उम्मीद है।



## ब्रिटेन के साथ लाभकारी व्यापार समझौता चाहता है भारत : वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने नए साल में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार (एफटीए) समझौते के लिए बातचीत पुन: प्रारंभ किए जाने की ब्रिटेन की ओर से की गई घोषणा का बुधवार को स्वागत किया है और कहा है कि भारत संतुलित एवं परस्पर लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए ब्रिटेन के साथ मिल कर काम करने को तैयार है।

ब्रिटेन ने भारत के साथ एफटीए वार्ता शुरू करने की घोषणा ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की द्विपक्षीय बैठक के बाद की। मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि हम नए साल में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार वार्ता को फिर से शुरू करने की ब्रिटेन की घोषणा का स्वागत करते हैं। एक संतुलित, पारस्परिक रूप से लाभकारी और दूरदर्शी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हासिल करने के महत्व को ध्यान में रखते हुए, भारत आपसी संतुष्टि के लिए शेष मुद्दों को हल करने के लिए ब्रिटेन की वार्ता टीम के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता है।


मंत्रालय का कहना है कि वार्ता की तारीखों को जल्द ही राजनयिक माध्यम से अंतिम रूप दिया जाएगा और प्रयास होगा कि वार्ताओं के बीच-बीच अंतराल को पाटने के लिए वार्ता तेजी से सम्पन्न की जा सके। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर भी भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते के प्रस्ताव का समर्थन किया है और कहा है कि इससे उनके देश की के अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। श्री स्टार्मर ने रियो डि जनेरियो में प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता फिर शुरू करने पर सहमत हुए हैं। श्री स्टार्मर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई।

सत्यमेव जयते
Ministry of Commerce & Industry
Government of India

- वार्ता की तारीखों को जल्द ही राजनयिक माध्यम से अंतिम रूप देने की तैयारी

## ताप बिजलीघरों के कोयला आयात में गिरावट

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। घरेलू कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा अप्रैल-सितंबर 2024 में ईंधन मिश्रण के लिए किया गया कोयला आयात 8.59 प्रतिशत गिरावट के साथ 97.9 लाख टन रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 107.1 लाख टन था। यह जानकारी कोयला मंत्रायल की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गई।



विज्ञप्ति के अनुसार इसी दौरान गैर-विनियमित क्षेत्रों (एनआरएस) द्वारा कोयला आयात 9.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6.33 करोड़ टन के करीब रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 7.02 करोड़ टन कोयले का आयात किया गया था।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह दर्शाता है कि ये क्षेत्र घरेलू कोयला आपूर्ति पर निर्भरता बढ़ा रहे हैं। इस दौरान इस्पात उद्योग के लिए आवश्यक कोकिंग कोयले तथा आयातित कोयला-आधारित (आईसीबी) बिजली संयंत्रों के लिए कोयले के आयात में वृद्धि हुई है क्यों कि यह मांग को घरेलू कोयले से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। अप्रैल-सितंबर 2024 के दौरान कुल कोयला आयात 1.36 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 12.95 करोड़ टन तक पहुंच गया।

## एनएसडीसी के तहत 2400 युवाओं को मिली बड़ी कंपनियों में नौकरी

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने भरतपुर कौशल महोत्सव के सफल समापन की घोषणा की। इसके साथ ही 2,400 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। ये ऑफर लेटर कॉरपोरेट जगत की दिग्गज कंपनियों की ओर से दिए गए।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने राजस्थान के भरतपुर में कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जहां उन्होंने चुने गए सफल उम्मीदवारों को नौकरी के पत्र सौंपे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मेगा भर्ती अभियान में कॉर्पोरेट क्षेत्र से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई, जिसमें 70 से अधिक इंडस्ट्री लीडर्स ने अपनी भागीदारी दर्ज करवाई।





अभियान में 70 से अधिक इंडस्ट्री ने दर्ज करवाई अपनी भागीदारी

ई-कॉमर्स दिग्गज फ्लिपकार्ट और जेप्टो, ग्लोबल फूड चेन बर्गर किंग और प्रीमियम डाइनिंग ब्रांड बारबेक्यू नेशन सहित प्रमुख नियोक्ताओं ने अन्य प्रमुख कंपनियों के साथ मिलकर भरतपुर कौशल महोत्सव में 20,000 से अधिक नौकरी के अवसर पेश किए। इन चुने हुए उम्मीदवारों को प्रति माह 19,000 से लेकर 35,000 तक का वेतन दिया जाएगा। रिक्रूटमेंट ड्राइव में टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी , लॉजिस्टिक्स, फूड-प्रॉसेसिंग, आईटी-आईटीईएस, ऑटो, बीएफएसआई और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सेक्टर की कंपनियां शामिल रहीं।

राज्य मंत्री ने भरतपुर में कौशल विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राज्य निवेश शिखर सम्मेलनों के माध्यम से उद्योग समर्थक नीतियों को आकर्षित करने के लिए एनएसडीसी और एमएसडीई के सहयोगी प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में युवाओं के लिए अवसर खुल रहे हैं।

## सार संक्षेप

### पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड बनी क्रेडिफिन लिमिटेड

**नई दिल्ली।** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पीएचएफ़ लीजिंग लिमिटेड ने तुरंत प्रभाव से अपना नाम क्रेडिफ़िन लिमिटेड करने के साथ ही नया प्रतीक चिन्ह अपनाने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि भारत भर में अपने बढ़ते ग्राहक आधार को बेहतर ढंग से सेवा देने के लिए उसने अपने कॉरपोरेट मुख्यालय को भी दिल्ली-एनसीआर में स्थानांतरित कर दिया है। नये नाम, क्रेडिफ़िन, से कर्ज पेशकशों की एक विस्तृत श्रृंखला का पता चलता है और यह देश भर में प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित सुलभ वित्तीय समाधान प्रदान करने के कंपनी के मिशन के साथ तालमेल में है। नाम बदलने के साथ, क्रेडिफ़िन ने एक नया लोगो और वेबसाइट लॉन्च किया है। 1998 में स्थापित और भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकृत, क्रेडिफ़िन पहली बार घर खरीदने वालों के लिए बंधक ऋण, संपत्ति के बदले ऋण (एलएपी), एमएसएमई व्यवसाय ऋण और ई-रिक्शा, ई-लोडर तथा ईवी दुपहिया वाहनों सहित इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वित्तपोषण में सुविज्ञ है। कंपनी लॉजिस्टिक्स और परिवहन जैसे क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### महाराष्ट्र चुनाव के चलते बंद रहा शेयर बाजार

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के चलते बुधवार को बंद रहा। रूस-यूक्रेन में ताजा तनाव के बीच मंगलवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिला था, लेकिन बाजार ने कारोबार के अंत में अपनी शानदार बढ़त गंवा दी। इक्विटी, डेरिवेटिव और सिक्योरिटीज लेंडिंग और बॉरोइंग (एसएलबी) सहित सभी सेगमेंट बंद रहेंगे। इसके अलावा, कैपिटल मार्केट, फ्यूचर और ऑप्शन डिविजन के लिए भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इससे पहले, 1 नवम्बर को लक्ष्मी पूजा और 15 नवंबर को गुरु नानक जयंती के अवसर पर बाजार बंद था। भारतीय इक्विटी बाजार सात दिनों की गिरावट का सिलसिला तोड़ते हुए 19 नवम्बर को उतार-चढ़ाव भरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए थे

### एफआईआई आउटफ्लो के बावजूद रुपया मजबूत

**मुंबई।** भारत के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे के साथ रुपए की मजबूती बरकरार रही। बुधवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में कहा गया कि मजबूत जीडीपी वृद्धि, नियंत्रित मुद्रास्फीति, प्रबंधित दोहरा घाटा और रिकॉर्ड विदेशी भंडार ने विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) आउटफ्लो (पूंजी निकासी) के बावजूद रुपए को मजबूत बनाए रखा। अक्टूबर के दौरान अमेरिकी चुनाव को लेकर अनिश्चितता, मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव, चीन द्वारा प्रोत्साहन की घोषणा और अमेरिकी यील्ड के बीच अधिकांश उभरते बाजारों में एफआईआई आउटफ्लो हुआ। मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट वेल्थ (एमओपीडब्ल्यू) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ये आउटफ्लो चालू रिजल्ट सीजन के कारण और बढ़ गया।

## ऑटो पार्ट्स इंडस्ट्री 2024-25 में 80 बिलियन डॉलर का राजस्व पार कर जाएगी : रिपोर्ट

**मुंबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत की ऑटोमोटिव कंपोनेंट इंडस्ट्री का राजस्व वित्त वर्ष 2025 में 80.1 बिलियन डॉलर को पार करने की उम्मीद है। जबकि, इंडस्ट्री का निर्यात पहले ही 21.2 बिलियन डॉलर को छू चुका है। बी2बी जोखिम प्रबंधन कंसल्टेंसी रूबिक्स डेटा साइंसेज की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2020 से देश के ऑटोमोटिव कंपोनेंट का उत्पादन 8 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है, जबकि इसी अवधि के दौरान निर्यात में 10 प्रतिशत सीएजीआर दर्ज किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में कुल उत्पादन में ईवी कंपोनेंट इंडस्ट्री का योगदान दोगुना होकर 6 प्रतिशत हो गया। बैटरी तकनीक और पावरट्रेन सिस्टम महत्वपूर्ण सेक्टर बनकर उभर रहे हैं, जिसमें ईवी निर्माण लागत का 45 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईवी 30:30 पहल द्वारा समर्थित भारत के ईवी बाजार में वित्त वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2024 तक बिक्री में 76 प्रतिशत से अधिक सीएजीआर की वृद्धि देखी गई और इस गति को बनाए रखने का अनुमान है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि स्थानीयकरण और आत्मनिर्भरता पर भारत सरकार के फोकस ने घरेलू विनिर्माण क्षमताओं में महत्वपूर्ण निवेश को बढ़ावा दिया है। वित्त वर्ष 2020 और वित्त वर्ष 2024 के बीच निर्यात में 10 प्रतिशत सीएजीआर देखा गया, जो 21.3 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें अमेरिका सबसे बड़ा बाजार रहा। साथ ही वित्त वर्ष 2024 में 300 मिलियन डॉलर ट्रेड सरप्लस दर्ज हुआ, जो भारत के ग्लोबल ऑटोमटिव सप्लाई चेन में स्ट्रैजिक शिफ्ट को दर्शाता है।



- वित्त वर्ष 2024 में कुल उत्पादन में ईवी कंपोनेंट इंडस्ट्री का योगदान हुआ दोगुना

रिपोर्ट टेक्नोलॉजी अपग्रेड और आधुनिकीकरण में निवेश पर भी ध्यान केंद्रित करती है, जिसमें भारतीय निर्माता कैपेसिटी एक्सपेंशन और इनोवेशन के लिए 2.5 बिलियन डॉलर से 3 बिलियन डॉलर आवंटित करते हैं।

यह एडवांस कंपोनेन्ट जैसे इलेक्ट्रिक मोटर्स, एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और लाइटवेट मटीरियल की बढ़ती मांग से जुड़ा है। रिपोर्ट में एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम बाजार में छह गुना वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जो वित्त वर्ष 2023 में 169 मिलियन डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2028 तक लगभग 1 बिलियन डॉलर हो जाएगा।

रूबिक्स डेटा साइंसेज के सह-संस्थापक और सीईओ मोहन रामास्वामी ने कहा कि वाहन उत्पादन में मजबूत वृद्धि, मजबूत सरकारी समर्थन और घटक निर्माताओं की अटूट प्रतिबद्धता, गुणवत्ता और इनोवेशन के लिए भारत तेजी से वैश्विक ऑटोमोटिव आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन रहा है। हमारा मानना है कि यह गति भारत को वैश्विक ओईएम के लिए एक सोर्सिंग हब के रूप में स्थापित करेगी। पीएलआई योजना, पीएम ई-बस सेवा पहल और वाहन स्क्रैपेज नीति जैसी नीतियां उद्योग के विकास में और मदद कर रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑटोमोटिव मिशन प्लान 2047 में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, जिसमें 2047 तक ऑटोमोटिव वाहनों और घटकों के निर्यात में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है, जो भारत को वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति के रूप में स्थापित करता है। हालांकि, इंडस्ट्री को ईवी घटकों के बढ़ते चीनी आयात और कड़े बीएस VII मानदंडों को अपनाने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की ऑटोमोटिव कंपोनेंट इंडस्ट्री का भविष्य उज्ज्वल है, एडीएएस में निवेश वित्त वर्ष 2028 तक छह गुना बढ़कर 1 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है।

## एयरटेल का 5जी विस्तार के लिए नोकिया को मिला ठेका

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। नोकिया को भारती एयरटेल से भारत के प्रमुख शहरों और राज्यों में 4जी और 5जी उपकरण लगाने के लिए बहु-वर्षीय अनुबंध मिला है।





कंपनी ने कहा कि इस अनुबंध के तहत, नोकिया अपने एडवांस्ड 5जी एयरस्केल पोर्टफोलियो के उपकरण लगाएगा। इनमें बेस स्टेशन, बेसबैंड यूनिट और नवीनतम पीढ़ी के मैसिव एमआईएमओ रेडियो शामिल हैं। ये सभी ऊर्जा की बचत करने वाले रीफशार्क सिस्टम-ऑन-चिप तकनीक से संचालित होंगे। ये सॉल्यूशन एयरटेल के नेटवर्क को 5जी क्षमता और कवरेज प्रदान करेंगे और नेटवर्क को बढ़ाने में मदद करेंगे। इसके साथ ही, नोकिया एयरटेल के मौजूदा 4जी नेटवर्क को मल्टीबैंड रेडियो और बेसबैंड उपकरणों से आधुनिक बनाएगा, जो 5जी को भी सपोर्ट करेंगे।

एयरटेल नोकिया के मंटाराय नेटवर्क मैनेजमेंट का इस्तेमाल करेगा, जो एआई आधारित टूल्स की मदद से नेटवर्क की निगरानी और प्रबंधन करेगा। इसमें डिजिटल सेटअप, नेटवर्क की बेहतरी और तकनीकी सहायता शामिल हैं। एयरटेल के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गोपाल विट्टल ने कहा कि एयरटेल ने हमेशा नेटवर्क नई तकनीकों के प्रयोग में अग्रणी रहा है और ग्राहकों को अत्याधुनिक कनेक्टिविटी समाधान देने के लिए अपनी क्षमता को आगे बढ़ाया है। नोकिया के साथ यह रणनीतिक साझेदारी हमारे नेटवर्क को भविष्य के लिए तैयार करेगी और ग्राहकों को बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगी। साथ ही, यह पर्यावरण पर प्रभाव को कम करने के लिए एक इको-फ्रेंडली नेटवर्क प्रदान करेगी।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली,** 19 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में स्थिरता के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसम्बर का पाम ऑयल वायदा 116 रिंगिट उबलकर 5119 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.12 सेंट की तेजी के साथ 45.56 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस औरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल को छोड़कर टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 7400-7500, दाल चना 8400-8500, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 10500-10600, अरहर दाल 10400-10500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपए और **चावल :** 2900-3000 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य : सोमनाथ

**बेंगलुरु,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत अगले दो दशकों में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अपनी हिस्सेदारी 2 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 10 प्रतिशत करने की तैयारी में है। श्री सोमनाथ ने कहा कि इस दौरान देश अंतरिक्ष उद्योग की सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला का पूरी क्षमता के साथ दोहन करना चाहेगा।

**भारत की अंतरिक्ष रणनीति में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर**

उन्होंने यहां बेंगलुरु टेक समिट 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी के लिए भारत का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तीन प्रमुख क्षेत्रों- प्रारंभिक चरण (उपग्रह निर्माण और प्रक्षेपण), मध्यम चरण (बुनियादी ढांचा और अनुप्रयोग), और उपभोक्ता बाजार के चरण (डेटा-संचालित समाधान) पर केंद्रित होगा। इसरो के अध्यक्ष ने कहा कि विशेष रूप से उपभोक्ता बाजार से जुड़ी गतिविधियों में बहुत संभावनाएं हैं।



देश अंतरिक्ष उद्योग की सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला का पूरी क्षमता के साथ दोहन करना चाहेगा : एस सोमनाथ

कौशल विकास में निवेश करके, हम अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के सभी पहलुओं में प्रगति को उत्प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष नीति 2023 और इस क्षेत्र में चल रहे सुधार इन लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। नयर नीति में नवाचार और विकास को आगे बढ़ाने में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) और निजी संस्थाओं की भूमिकाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है।

इसरो की उम्मीद है कि इस क्षेत्र में एफडीआई संबंधी नियमों से वैश्विक निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है, जिससे भारत अंतरिक्ष उद्योग में अग्रणी के रूप में स्थापित होगा। इसरो अध्यक्ष ने सरकार के अंतरिक्ष मिशन 2047 को भारत में अंतरिक्ष अन्वेषण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक दूरदर्शी पहल बताया। श्री सोमनाथ ने भारत की अंतरिक्ष रणनीति में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर जोर दिया, जिसमें नासा के साथ निसार उपग्रह, जापान के साथ लूपेक्स मिशन और जी20 के नेतृत्व में विभिन्न जलवायु निगरानी पहल जैसी परियोजनाओं का हवाला दिया गया।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।